राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# तरुणमित्र
श्रम ही आधार, खबरों से सरोकार
वर्षः 48 अंक 239
जौनपुर, सोमवार
15 जून 2026
तापमान
अधिकतम / न्यूनतम
40°C | 30°C
मूल्य 3.00 रुपये पृष्ठ-8
जौनपुर, अयोध्या, लखनऊ, पटना (बिहार), ठाणे (महाराष्ट्र), भोपाल (मप्र) से प्रकाशित
www.tarunmitra.in










# देहरादून में भाजपा नेता की हत्या के बाद तनाव

**देहरादून, 14 जून।** सहसपुर कोतवाली अंतर्गत बैरागीवाला में भाजपा ओबीसी मोर्चा जिला सोशल मीडिया सह संयोजक की हत्या में 12 नामजद कराते हुए मुकदमा दर्ज कराया गया है। वहीं गांव में आक्रोशित हिंदू संगठनों ने आरोपितों के घरों पर पथराव, तोड़फोड़ की। आक्रोशित लोगों ने आरोपितों का कुछ सामान भी जलाया। मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात है। साथ ही बुलडोजर लेकर पुलिस व प्रशासन के अधिकारी आरोपितों के घरों पर पहुंचे और मकानों को चिन्हित किया। जिसके बाद बुलडोजर कार्रवाई की गई।

**सीएमधामी ने अपनाया कड़ा रुख:** वहीं मामले में सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड की शांति और सामाजिक सौहार्द को बिगाड़ने की कोशिश करने वाली जिहादी और हिंसक मानसिकता को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। कल देहरादून में हुई

## आरोपी के घर बेकाबू भीड़ का पथराव व आगजनी, बुलडोजर भी चला




घटना की जितनी निंदा की जाए उतनी कम है, जो लोग कानून को चुनौती देने का दुस्साहस करेंगे, उन्हें ऐसा दंड मिलेगा कि भविष्य में कोई भी ऐसी हरकत करने से पहले हजार बार सोचेगा।

**पीएसी व पुलिस तैनात:** शनिवार को पानी विवाद को लेकर मुस्लिम समाज के लोगों ने एकजुट होकर भगवत प्रसाद के घर पर हमला कर दिया था। हथौड़े से वार कर भाजपा ओबीसी मोर्चा जिला सोशल मीडिया सह संयोजक विनोद की हत्या कर दी थी। उसके भाई अशोक, राजेश व भाभी को गंभीर घायल कर दिया था।सांप्रदायिक तनाव के चलते रात में गांव में पीएसी व पुलिस तैनात रही।

वहीं मृतक के भाई अशोक कुमार पुत्र भगवत प्रसाद बैरागीवाला ने दी तहरीर में कहा कि पूर्व में पड़ोस के खेत जो इम्तियाज पुत्र समशु के है, में पानी को लेकर विवाद चल रहा था।

शनिवार की शाम छह से साढ़े छह बजे तक रज्जाक पुत्र मासूम, इम्तियाज पुत्र शमशू, अमन पुत्र मासूम, युनुस पुत्र महबूब, मासूम का जवाई शहबाज, शराफल अली , मासूम पुत्र स्व. महबूब, आदिल पुत्र इम्तियाज, शमून पुत्र जब्बार, सलमान पुत्र युनुस, जावेद पुत्र मासूम, मासूम के मामा के लडके इन्तजार आदि समस्त निवासीगण बैरागीवाला अन्य करीब 30-35 लोगों के साथ घर पर आ गये। जिनके हाथों में लाठी डन्डे, लकड़ी की फट्टी व हथौडा और बेलचे आदि थे।

**हथौड़े के वार से विनोद की हत्या:** सभी ने एक साथ होकर उसके परिवार के सदस्य विनोद कुमार, राजेश, सुषमा पत्नी अशोक कुमार व उसके ऊपर जानलेवा हमला किया। जिसमें हथौड़े के वार से विनोद की हत्या कर दी गयी, जबकि अन्य परिवार के सदस्य अशोक सुषमा, राजेश गम्भीर रुप से घायल हो गये।

# भारतीय जहाज 'विराट 1' ओमान तट के पास दुर्घटनाग्रस्त, 14 भारतीय क्रू सदस्य थे सवार

**नई दिल्ली, 14 जून।** खाड़ी इलाके में बढ़ते तनाव के बीच मस्कट में भारतीय दूतावास ने रविवार को कहा कि उसे ओमान के तट के पास 14 भारतीय क्रू सदस्यों वाले एक जहाज से जुड़ी घटना के बारे में पता चला है।



भारतीय मिशन ने घटना की प्रकृति के बारे में कोई जानकारी नहीं दी। दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि ओमान के अधिकारियों और घटना के आस-पास मौजूद जहाजों के साथ मिलकर खोज और बचाव अभियान का समन्वय किया जा रहा है। मिशन ने कहा, 'मिशन को ओमान के तट के पास भारतीय झंडे वाले मशीनीकृत सेलिंग जहाज 'विराट 1' से जुड़ी एक घटना के बारे में पता चला है। बताया जा रहा है कि इस पर 14 भारतीय क्रू सदस्य सवार थे।'

**पिछले हफ्ते हुई थी तीन भारतीय नाविकों की मौत:** पिछले हफ्ते ओमान के तट पर तनाव देखा गया था, जब भारतीय क्रू सदस्यों वाले तीन जहाजों पर उस इलाके में अमेरिकी हमला हुआ था। इनमें से एक हमले में तीन नाविकों की मौत हो गई थी।

# डंपर ने कार को मारी टक्कर, दो लोग जिन्दा जले

## जबलपुर में हुआ भीषण हादसा, कार को 500 मीटर तक घसीटा

**जबलपुर, 14 जून।** मध्य प्रदेश के जबलपुर जिले में जबलपुर-मंडला हाईवे पर एक तेज रफ्तार डंपर ट्रक ने कथित तौर पर एक कार को लगभग 500 मीटर तक घसीटा, जिसके बाद कार में आग लग गई और उसमें सवार दो लोग जिंदा जल गए।

यह हादसा शनिवार देर शाम को जबलपुर शहर से लगभग 30 किलोमीटर दूर बरेला कस्बे में शारदा मंदिर के पास हुआ। सूत्रों के अनुसार रेत से भरा डंपर मंडला की तरफ से आ रहा था, जबकि स्कॉर्पियो जबलपुर से मंडला की ओर जा रही थी। नागा घाटी के पास रेत से भरे डंपर ने ओवरटेक कर स्कॉर्पियो को टक्कर मार दी जिसकी वजह से स्कॉर्पियो में आग लग गई। देखते ही देखते कार आग का गोला बन गई।

**टक्कर मारने के बाद रुका नहीं ड्राइवर:** टक्कर के बाद रुकने के बजाय ड्राइवर ने कथित तौर पर गाड़ी चलाना जारी रखा और कार को सड़क पर लगभग आधे



किलोमीटर तक घसीटता रहा। खबरों के मुताबिक, घसीटे जाने के दौरान कार एक दूसरी गाड़ी से टकरा गई और जल्द ही उसमें आग लग गई।

**दो लोगों की जलकर मौके पर ही मौत:** कुछ ही मिनटों में आग ने पूरी गाड़ी को अपनी चपेट में ले लिया और उसमें सवार दोनों लोग अंदर ही फंस गए। आस-पास के लोग तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और पीड़ितों को बचाने की कोशिश की, लेकिन आग की तेजी के कारण वे कुछ नहीं कर पाए।

पुलिस के मुताबिक, दोनों लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने के तुरंत बाद पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीमें मौके पर पहुंचीं और आग बुझाई। हालांकि, तब तक सभी लोगों की जलकर मौत हो चुकी थी। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि शव बुरी तरह जल गए थे, जिससे तुरंत पहचान करना मुश्किल हो गया था। आग में कार पूरी तरह जल गई और इन्वेस्टिगेटर मालिक और दूसरी डिटेल्स का पता लगाने के लिए उसके बचे हुए हिस्सों की जांच कर रहे हैं। शुरुआती जांच के मुताबिक, एक्सीडेंट के बाद डंपर ड्राइवर मौके से भाग गया। पुलिस ने उसे ढूंढने और गिरफ्तार करने के लिए सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है।

# गंगा एक्सप्रेसवे पर हादसाः पिता-पुत्री की मौत

## टाटा मैजिक को ट्रैवलर ने मारी टक्कर, सात श्रद्धालु घायल

**अमरोहा, 14 जून।** मनोना धाम आंवला बरेली से पंजाब लौट रहे श्रद्धालुओं की टाटा मैजिक में गंगा एक्सप्रेसवे पर अयोध्या से हरिद्वार जा रहे टेंपो ट्रैवलर ने पीछे से टक्कर मार दी। जिसमें पिता पुत्री की मौके पर मृत्यु हो गई। जबकि, अन्य सात यात्री घायल हो गए।

पंजाब के जिला मोहाली के थाना डिकोली के गांव जीरकपुर निवासी लक्ष्मण सिंह अपने परिवार के नौ सदस्यों के साथ टाटा मैजिक से मनोना धाम आंवला बरेली से वापस लौट रहे थे। रविवार तड़के 3.45 बजे जब वह सैदनगली थाना क्षेत्र में बुरावली तरारा अंडरपास के पास पहुंचे पीछे से आए टेंपो ट्रैवलर ने जोरदार टक्कर मार दी।

हादसे में लक्ष्मण सिंह 65 वर्ष और उनकी पुत्री आशा 22 वर्ष की मौके पर ही मृत्यु हो गई। जबकि टाटा मैजिक में सवार लक्ष्मण सिंह की बेटी सरिता 28 व दीपिका 30 वर्ष, बेटा राहुल 32 व दीपक 35 वर्ष, एवं तीन बच्चे परी पुत्री दीपक, नैतिक पुत्र रोहित, खुशप्रीत पुत्र ज्ञान सिंह उम्र करीब चार वर्ष घायल हो गए। पुलिस ने पिता-पुत्री के शव पोस्टमार्टम को भेज दिए हैं।

**टेंपो ट्रैवलर के सभी यात्री सुरक्षित:** घायलों का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हसनपुर में उपचार करने के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिए हैं। गनीमत रही कि टेंपो ट्रैवलर में सवार ग्राम राणा जिला झबुआ मध्य प्रदेश के सभी 18 श्रद्धालु सुरक्षित बच गए। हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया है। पुलिस ने दोनों वाहन मंगरौला टी प्वाइंट पर खड़े कर लिए हैं। सीओ पंकज कुमार त्यागी ने बताया कि गंगा एक्सप्रेसवे पर सड़क हादसे में पंजाब के पिता पुत्री की मौत हुई है। पूरे मामले की जांच की जा रही है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

**आवश्यकता है**

भारती विद्या मन्दिर जूनियर हाईस्कूल अहियापुर, जौनपुर को चार सहायक अध्यापक/अध्यापिकाओं की, जो विज्ञान, गणित, अंग्रेजी एवं कम्प्यूटर पढ़ा सकें। सम्पर्क करें-

-प्रबन्धक
9452984488

# अब मोबाइल पर नहीं बजेगा इमरजेंसी अलर्ट, सेल ब्रॉडकास्ट सर्विस अस्थायी रूप से बन्द

**नई दिल्ली, 14 जून।** अगर पिछले कुछ दिनों में आपके मोबाइल फोन पर भी तेज आवाज के साथ इमरजेंसी अलर्ट मैसेज आए हैं, तो अब उनसे जुड़ा एक बड़ा अपडेट सामने आया है। जी हां, नेशनल डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी यानी NDMA ने फिलहाल सेल ब्रॉडकास्ट सर्विस को अस्थायी रूप से बंद कर दिया है। अधिकारियों का कहना है कि ये फैसला एहतियात के तौर पर लिया गया है और अगले आदेश तक ये व्यवस्था बंद रहेगी।




बता दें कि इस सर्विस को मई 2026 में ऑफिशियल तौर पर शुरू किया गया था। इसके जरिए लोगों को मौसम संबंधी चेतावनियां जैसे प्राकृतिक आपदाओं और अन्य इमरजेंसी सिचुएशन से जुड़े अलर्ट सीधे लोगों के मोबाइल तक पहुंचाए जाते थे। अलर्ट आने पर फोन की स्क्रीन पर एक खास मैसेज भी दिखाई देता था और साथ ही लाउड वॉर्निंग साउंड भी सुनाई देती थी, ताकि यूजर्स तुरंत सतर्क हो सकें।

दरअसल सेल ब्रॉडकास्ट सर्विस एक ऐसी टेक्नोलॉजी है, जिसके जरिए किसी खास एरिया में मौजूद सभी मोबाइल यूजर्स को एक साथ इमरजेंसी अलर्ट मैसेज भेजे जा सकते हैं। इसका उद्देश्य लोगों तक खास जानकारी सबसे कम टाइम में पहुंचाना है, ताकि लोग संभावित खतरे से बचाव के लिए वक्त पर जरूरी कदम उठा सकें। माना जा रहा है कि संबंधित सरकारी एजेंसियां मिलकर इस तकनीक और इसके काम करने के तरीके का रिव्यू कर रही हैं, ताकि भविष्य में इसे और बेहतर और सटीक बनाया जा सके। अगले आदेश तक आपके फोन पर ये अलर्ट नहीं आएंगे।

वहीं, हाल के महीनों में तेज आंधी, तूफान, भारी बारिश और ओलावृष्टि जैसी मौसम संबंधी घटनाओं के दौरान भी इस प्रणाली का इस्तेमाल किया गया और लोगों को दिन में और रात में करीब 1 बजे भी अलर्ट मैसेज भेजे गए।



## प्रभारी मंत्री हंसराज विश्वकर्मा से मिलकर नगर की समस्याओं से कराया अवगत

# 'टाड़ का डौर' के नाम से बसे राबर्ट्सगंज शहर का कोई पुरसा हाल नहीं : कौशल

तरूणमित्र न्यूज

**सोनभद्र।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन का एक प्रतिनिधिमंडल सर्किट हाउस में प्रभारी मंत्री हंसराज विश्वकर्मा से मिलकर नगर की समस्याओं से अवगत कराया। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के जिला अध्यक्ष कौशल शर्मा ने कहा कि राबर्ट्सगंज नगर पालिका अंतर्गत लंबे समय से रह रहे नगरवासियों की मालिकाना हक से वंचित हैं ।पूर्व में भी कई बार कई पटल पर व्यापारियों एवं जनता की समस्याओं से जिम्मेदारों को अवगत कराया गया परंतु समुचित समाधान नहीं निकल सका। पूर्व में 'टाड़ का डौर' के नाम से बसे इस शहर का कोई पुरसा हाल नहीं है। श्री शर्मा ने प्रभारी मंत्री का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि 22 फरवरी,2018 को संदिग्ध परिस्थितियों में नगर पालिका से खतौनी रजिस्टर गायब हो गया 4 मार्च,2018 को प्राथमिकी दर्ज की गई परंतु न ही रजिस्टर ही मिला और न ही संबंधितों के खिलाफ कोई कार्रवाई की गई परिणाम स्वरूप नगर क्षेत्र के अनेक भूमि संबंधी समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं तथा आम नागरिकों को स्वामित्व, नामांतरण एवं अन्य



राजस्व कार्यो में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने प्रभारी मंत्री से मांग किया कि खसरा रजिस्टर गायब होने के प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए दर्ज एफ. आई.आर. एवं विवेचना की वर्तमान स्थिति सार्वजनिक की जाए। उन्होंने कहा कि सर्वे कार्य की रिपोर्ट एवं अभिलेखों का शीघ्र प्रकाशन कराया जाए। नगर पालिका क्षेत्र के भूमि अभिलेखों का डिजटली करण कराया जाए दोषी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की जिम्मेदारी निर्धारित करते हुए आवश्यक कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि भूमि अभिलेख से संबंधित समस्त सूचनाओं आम जनता के लिए उपलब्ध कराई जाए एवं भविष्य में अभिलेखों की सुरक्षा हेतु प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए श्री शर्मा ने कहा पूर्व में घोरावल में हुए उम्भा कांड ने पूरे प्रदेश को हिलाकर रख दिया था जमीन विवाद में एक साथ कई लोगों की जान चली गई थी। यदि समय रहते मुख्यालय के जमीन विवादों को निस्तारित करने की तरफ जिला प्रशासन ने कदम नहीं उठाया तो आने वाले समय में जमीन विवाद बढ़ने के साथ-साथ उम्भा कांड की पुनरावृति हो सकती है। ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से प्रितपाल सिंह, राजेश जायसवाल, जसकीरत सिंह, नागेंद्र मोदनवाल, विनय जायसवाल आदि लोगों उपस्थित रहे।

### विश्व रक्तदाता दिवस पर रक्तदान शिविर में 21 यूनिट रक्त संग्रहित

**भदोही।** विश्व रक्तदाता दिवस पर रविवार को इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी, भदोही शाखा द्वारा जिला चिकित्सालय ज्ञानपुर स्थित ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। मानवता सेवा के संदेश के साथ आयोजित शिविर में सीडीओ बालगोविंद शुक्ल ने डीएम शैलेश कुमार व एसपी अभिनव त्यागी की उपस्थिति में स्वयं रक्तदान कर लोगों को प्रेरित किया। इस दौरान डीएम ने कहा कि रक्तदान महादान है। एक स्वस्थ व्यक्ति द्वारा किया गया रक्तदान दुर्घटना, गंभीर बीमारी व आपातकाल में कई जरूरतमंद मरीजों को नया जीवन दे सकता है। स्वैच्छिक रक्तदान समाज के प्रति हमारी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है।



### अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक बने ओम दुबे

**मीरजापुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद प्रान्त अभ्यास वर्ग लायंस स्कूल में सम्पन्न हुआ। जिसमे लगभग 300 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग लिया। जिसमे मुख्य रूप से राष्ट्रीय संगठन मंत्री आशीष, अवध प्रान्त संगठन मंत्री अभिलाष मिश्रा, प्रान्त संगठन मंत्री आकाश गौड़ उपस्थित रहे इस अभ्यास वर्ग में अंतिम दिन समापन में एक बड़ी जिम्मेदारी सौंप गई। जिसमें जिला संयोजक ओम दुबे विभाग संयोजक के रूप में रिवेश सिंह पटेल विभाग संगठन मंत्री, सागर जिला छात्रा प्रमुख शुभांगी मोदनवाल को जिम्मेदारी दी गई है। नव नियुक्त विभाग संयोजक ओम दुबे ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के द्वारा सौंपी गयी जिम्मेदारी को पूरे तन्मयता के साथ पूरा करने का प्रयास करुगा। हमारे साथ के पदाधिकारी गण टीम भावना के साथ परिषद के उच्च पदाधिकारियों के निर्देशों का अनुपालन करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# आदिवासी धर्म कोड समेत 8 सूत्रीय एजेंडा पर म्योरपुर से यात्रा शुरू

**सोनभद्र।** जनगणना में आदिवासी धर्म कोड समेत 8 सूत्री एजेंडा को लेकर म्योरपुर बाजार से जिलास्तरीय यात्रा की शुरूवात की गई। आल इंडिया पीपुल्स फ्रंट द्वारा आयोजित रोजगार सामाजिक अधिकार अभियान की इस यात्रा में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और म्योरपुर बाजार, रासपहरी व खैराही में जनसंपर्क किया। इस दौरान 8 सूत्री एजेंडा का पर्चा वितरण भी किया गया। इसकी जानकारी देते हुए आल इंडिया पीपुल्स फ्रंट के जिला संयोजक कृपा शंकर पनिका और रोजगार सामाजिक अधिकार अभियान के संयोजक इंजीनियर रामकृष्ण बैगा ने बताया कि 9 अगस्त से शुरू हो रही पूर्वांचल यात्रा को सफल बनाने के क्रम में यह यात्रा संचालित हो रही है। जिसके 8 सूत्री एजेंडा को सरोकारी नागरिकों, दलित, आदिवासी, अति पिछड़ों, युवाओं, महिलाओं समेत समाज के सभी हिस्सों तक पहुंचाना है।

सोनभद्र यात्रा के 8 सूत्री एजेंडा में प्रमुख रूप से जनगणना में आदिवासी धर्म कोड व अन्य पिछड़ा वर्ग का जाति का कालम जोड़ने, रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेंशन व भूमिहीन को आवासीय जमीन का अधिकार की गारंटी, सोनभद्र से पूंजी पलायन पर रोक, माइक्रोफाइनेंस कंपनियों की लूट पर रोक एवं महिला स्वयं सहायता समूहों व नौजवानों के उद्यम के लिए 4 प्रतिशत ब्याज दर पर लोन, कोल व धांगर को आदिवासी का दर्जा व अतिपिछड़ों को अलग आरक्षण कोटा, वनाधिकार कानून को लागू करना, दलित-आदिवासी के विकास का बजट बढ़ाने और रोजगार व जन कल्याण के लिए संसाधन हेतु कारपोरेट व अरबपतियों की सम्पत्ति पर टैक्स लगाने, प्राकृतिक संसाधन की लूट व निजीकरण पर रोक और पर्यावरण की रक्षा जैसे मुद्दे शामिल हैं। यात्रा में नेताओं ने कहा कि 1961 से पहले जनगणना में आदिवासी समुदाय के लिए अलग धर्म कोड के प्रावधान को फिर से लागू कर आदिवासी पहचान के अधिकार को सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

यात्रा में राजेंद्र प्रसाद गोंड, इंद्रदेव खरवार, सविता गोंड, रूबी सिंह गोंड, राम किशुन गोंड, मंगरू प्रसाद श्याम, ललित गोंड, देवकुमार खरवार, समरजीत गोंड, गुलशन गोंड, मोहर लाल गोंड, शकुंतला गोंड, महावीर गोंड, राम विचार गोंड, सुगवंती गोंड, फूलमती गोंड, ओम प्रकाश जायसवाल आदि लोग शामिल रहे।

### भर्ती परीक्षा का डीएम एसपी ने किया निरीक्षण

**सोनभद्र।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित प्रवक्ता भर्ती परीक्षा को सकुशल, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी चर्चित गौड़ एवं पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज स्थित परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने परीक्षा कक्षों, सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों के प्रवेश एवं सत्यापन प्रक्रिया तथा परीक्षा संचालन की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने केंद्र व्यवस्थापकों को आयोग के दिशा-निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करने तथा परीक्षा की गोपनीयता एवं शुचिता बनाए रखने के निर्देश दिए।

# डीजे की आवाज में दब गई चोरी की आहट, 25 लाख के जेवरात-नगदी ले उड़े चोर

**मड़िहान, मीरजापुर।** थाना क्षेत्र के शेरुआ गांव में शनिवार देर रात चोरों ने डीजे की आवाज का फायदा उठाकर एक घर से करीब 25 लाख रुपये के सोने-चांदी के जेवरात और 5 हजार नगद पार कर दिए। घटना की जानकारी रविवार सुबह होते ही सभी के होश उड़ गए। शेरुआ गांव निवासी शिवप्रकाश सिंह ने बताया कि शनिवार की शाम परिवार के साथ भोजन करने के बाद सभी सोने चले गए देर रात करीब 1ः30 बजे पीछे के चैनल का ताला तोड़कर चोर घर में घुसे चोरों ने घर में लगे कुल सात ताले तोड़े और आलमारी व बक्सों में रखे जेवरात समेट ले गए। शिवप्रकाश सिंह और पत्नी मीरा देवी दरवाजे के बाहर सोए थे। घर के अंदर बेटे आशीष सिंह,पत्नी प्रिन्सी,दूसरे कमरे में दामाद लव सिंह और बेटी नेहा थे।जिनके दरवाजे की बाहर से कुंडी लगा दिया गया था। वहीं बहू आरती अपने तीन बच्चों वीरा, शिवांश, किट्टू के साथ पुत्री प्रियंका और उसके बच्चों में रूही, रुद्र को लेकर छत पर सो रही थी। दो महीने पहले मायके आई बेटी प्रियंका के भी जेवर चोर ले गए।

चोरी गए सामान में सोने का चैन, हार, मांगटीका, अंगूठी, 4 मंगलसूत्र, 5 कान की बाली, नथिया, 4 पायल, 2 बिछिया, 2 चांदी का चैन और 5 हजार नकद शामिल हैं। बेटी नेहा के जेवरात में 2 सोने का चैन, 2 अंगूठी, मंगलसूत्र, 1 चांदी की पायल चोरी हुई। घटना की सूचना पर मड़िहान पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद वापस लौट गई। फोरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए। पुलिस को घर से लगभग 200 मीटर दूर खेत में पेड़ के नीचे टूटा हुआ बक्सा मिला। पीड़ित ने बताया कि पड़ोस में जन्मदिन की पार्टी चल रही थी और पूरी रात डीजे बज रहा था। इसी शोर का फायदा उठाकर चोरों ने घटना को अंजाम दिया। नवागत थानाध्यक्ष रविन्द्र भूषण मौर्य ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। आसपास के सीसीटीवी खंगाले जा रहे हैं। जल्द ही चोरों की पहचान कर गिरफ्तारी की जाएगी।

### विंध्याचल में चोर उचक्कों का आतंक

**मिर्जापुर।** विख्यात देवी धाम विंध्याचल में चोर उचक्कों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। विंध्याचल में नवागत थाना प्रभारी को रविवार को चोर उचक्कों ने चोरी की वारदात को अंजाम देते हुए सलामी दी है। बताया जा रहा है कि चोर उचक्कों में नहीं है थाना प्रभारी अजीत सिंह का खौफ, यहां दीवान घाट पर स्नान करने गए देवरिया जनपद के एक दर्शनार्थी का बैग गायब हो गया। बैग में रखा जरूरी सामान नगदी उड़ा ले गए चोर उचक्के, पीड़ित दर्शनार्थी ने दी तहरीर पर नहीं हुई कार्यवाही, विंध्याचल थाना क्षेत्र के दीवान घाट का मामला। बता दे कि देवरिया जिले के नाथनगर निवासी जितेंद्र कुमार मिश्रा परिवार संग विंध्याचल देवी का दर्शन करने के लिए आए हुए थे जहां मौका देख चोर उच्चको ने उनका बैग पार कर दिया जिसमे नगदी सहित आवश्यक सामान व कागजात इत्यादि रहे हैं।

### पीड़ितों को न्याय दिलाना पहली प्राथमिकता : प्रभारी निरीक्षक

**मीरजापुर।** ड्रमंडगंज थाना के नवनियुक्त प्रभारी निरीक्षक राजेश राम ने शुक्रवार शाम को चार्ज संभालने के बाद रविवार को पत्रकारों से बातचीत की। कहा कि पीड़ितों को त्वरित न्याय उनकी प्राथमिकता में है। लेटलतीफी और हीलाहवाली कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी जिम्मेदारों को शासन की मंशा पर खरा उतरना होगा। प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि सभी बीट प्रभारी व सिपाही पुलिसिग को तेज करें, जिससे अपराध नियंत्रण में रहे और अपराधियों पर नकेल कसी जा सके। संतनगर थाने में प्रभारी निरीक्षक के पद पर रहते हुए ड्रमंडगंज थाने की जिम्मेदारी मिली है। अपराध नियंत्रण और सामाजिक सौहार्द कायम रखने में पुलिस महती भूमिका निभाएगी। इसके बाद प्रभारी निरीक्षक ने अधीनस्थों के साथ गोष्ठी कर कानून व्यवस्था की समीक्षा की। साथ ही यह कहा कि कार्य में लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नियम कानून तोड़ने वालों को कत्तई बक्शा नहीं जाएगा।

# सुशासन, विकास के 12 वर्ष पूर्ण होने पर गिनाई उपलब्धियां

## जनपद प्रभारी मंत्री नन्द गोपाल नंदी ने किया मीडिया संवाद

तरूणमित्र न्यूज

**मीरजापुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं जनपद में हुए विकास कार्यों की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से जनपद प्रभारी मंत्री, औद्योगिक विकास, निर्यात प्रोत्साहन, एन.आई.आई. एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी जी ने रविवार को जिला पंचायत सभागार में मीडिया संवाद किया।



कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति में मंत्री ने विगत 12 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश व प्रदेश में हुए अभूतपूर्व विकास, सुशासन, सेवा, संस्कार एवं सम्मान के साथ-साथ मीरजापुर जनपद में संचालित विभिन्न योजनाओं, कार्यक्रमों एवं उल्लेखनीय कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने आमजन के जीवन में आए सकारात्मक परिवर्तनों पर भी प्रकाश डाला। मीडिया संवाद में भाजपा की जिला प्रभारी श्रीमती सरोज कुशवाहा, जिलाध्यक्ष भाजपा लाल, सदस्य विधान परिषद श्याम नारायण सिंह, विधायक नगर रत्नाकर मिश्र, विधायक मड़िहान रमाशंकर सिंह पटेल, विधायक मझवां सुचिस्मिता मौर्या, विधायक छानबे रिंकी कोल, जिला पंचायत अध्यक्ष राजू कनौजिया, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष श्याम सुंदर केशरी, मीडिया प्रभारी पंडित भावेश शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के विजन एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के कुशल मार्गदर्शन में जनपद मीरजापुर तेजी से विकास की राह पर अग्रसर है। प्रभारी मंत्री श्री नन्दी नें कहा कि डबल इंजन की सरकार में स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, रोजगार, हाइवे, रेलवे, एयरपोर्ट आदि क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य किये गए और इस दिशा में निरन्तर कार्यो को सम्पादित किए जाने का कार्य चल रहा है। उन्होंने मीडिया के माध्यम से जनता को योजनाओं की जानकारी पहुंचाने और सकारात्मक विकास यात्रा को मजबूत बनाने का आह्वान किया।

# 12 साल के सुशासन, सेवा और विकास पर हुई परिवर्तनकारी कार्य : एके शर्मा

तरूणमित्र न्यूज

**भदोही।** केंद्र सरकार के सफल, संवेदनशील एवं जनकल्याणकारी 12 वर्ष पूर्ण होने पर रविवार को कलेक्ट्रेट सभागार में पत्रकारों से बातचीत के दौरान उत्तर प्रदेश सरकार के नगर विकास, ऊर्जा एवं जनपद प्रभारी मंत्री एके शर्मा ने सरकार की उपलब्धियों को गिनाया। वहीं उनके द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सुशासन, सेवा, विकास व जनकल्याण के क्षेत्र में हुए परिवर्तनकारी कार्यों को आंकड़ों सहित प्रस्तुत किया गया।

इस दौरान प्रभारी मंत्री एके शर्मा ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार ने समन्वित प्रयास से समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया। किसानों की आय बढ़ाने, महिलाओं को सशक्त करने, युवाओं को रोजगार देने व गरीब-वंचित वर्गों के उत्थान के लिए सरकार निरंतर कार्यरत है। कृषि में आधुनिक तकनीक, सिंचाई, आवास, स्वच्छता, पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा व आधारभूत सुविधाओं में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजनों को सुरक्षा कवच मिला। उन्होंने कहा कि इन 12 साल के कार्यकाल में भदोही में एक्सपो मार्ट 170 करोड़ रुपए की लागत से निर्माण पूर्ण हुई, लुम्बनी-दुद्धी मार्ग 152.78 करोड़ रुपए से चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण हुआ। 220/132/33 केवी जीआईएस उपकेंद्र कनेहरी 151.42 करोड़ रुपए से निर्मित किया गया। केंद्रीय विद्यालय पिपरीस 21.20 करोड़ की लागत से निर्मित हुआ। श्री शर्मा ने बताया कि राजकीय पशु चिकित्सालय ज्ञानपुर 7.10 करोड़, जिला ड्रग वेयरहाउस 7.44 करोड़, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट 5.67 करोड़, कल्याण मंडपम मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के तहत निर्मित कराया गया। उन्होंने बताया कि निर्माणाधीन महत्वाकांक्षी परियोजनाओं में सीतामढ़ी-धनतुलसी-डेगुरपुर दीर्घ सेतु -320.51 करोड़, आधुनिक जेल 209.18 करोड़, अमृत 2.0 पेयजल योजना 178.93 करोड़, ज्ञानपुर-नथईपुर-रोही-इमामगंज मार्ग 63.46 करोड़, सीएम मॉडल कंपोजिट विद्यालय, डीआईईटी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस व स्पोर्ट्स स्टेडियम में आधुनिक सुविधाओं का निर्माण आदि शामिल हैं।

# सुशासन प्रदर्शनी एवं संवाद कार्यक्रम का शुभारंभ

तरूणमित्र न्यूज

**सोनभद्र।** विकास खण्ड घोरावल परिसर में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 14 से 16 जून 2026 तक आयोजित संवाद एवं विकास प्रदर्शनी कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि घोरावल विधायक डॉ. अनिल कुमार मौर्य रहे, जबकि अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख श्री दीपक कुमार पटेल ने की। कार्यक्रम का संचालन आनंद प्रकाश पटेल ने किया।

इस अवसर पर विधायक सहित उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं प्रबुद्धजनों ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई विकास प्रदर्शनी का अवलोकन किया। विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), मुख्यमंत्री आवास योजना, मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन, बाल विकास परियोजना, स्वास्थ्य, कृषि विभाग तथा स्वयं सहायता समूहों की योजनाओं एवं उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी दी। मुख्य अतिथि डॉ. अनिल



सुशासन प्रदर्शनी कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्तागण

कुमार मौर्य ने आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों को मोबाइल हैंडसेट वितरित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश सुशासन, पारदर्शिता और समावेशी विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सभी की प्राथमिकता है। कार्यक्रम में लालजी तिवारी, सबल सिंह, जय सिंह एडवोकेट, गिरीजेश मौर्य, दिनेश कुमार, किसानू, नंदलाल, अमरेश कुमार उमर, सीमा गुप्ता, राजेश कुमार उमर सहित समूह सखी, लखपति दीदी, विकास खण्ड के सचिव, कर्मचारीगण एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।

### जनपद में भव्य जनकल्याण एवं स्वास्थ्य मेले का शुभारंभ

**सोनभद्र।** सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनपद के सभी विकास खण्डों में 14 से 16 जून, तक आयोजित जनकल्याण एवं स्वास्थ्य मेले का शुभारंभ जनपद प्रभारी मंत्री एवं प्रदेश सरकार के लघु एवं सूक्ष्म उद्योग मंत्री हंसराज विश्वकर्मा द्वारा विकास खण्ड राबर्ट्सगंज परिसर में किया गया। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा अधिकारियों से योजनाओं के क्रियान्वयन एवं लाभार्थियों को दिए जा रहे लाभों की जानकारी प्राप्त की।

कार्यक्रम के दौरान प्रभारी मंत्री ने कक्षा-9 में अध्ययनरत छात्राओं को साइकिल वितरित कर उन्हें शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित किया साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को स्मार्टफोन वितरित कर महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं के प्रभावी संचालन में तकनीक की महत्वपूर्ण भूमिका पर बल दिया।

# सप्ताह भर से ट्रांसफार्मर खराब विद्युत आपूर्ति पूरी तरह बाधित

## 8 दिनों से विद्युत आपूर्ति ठप, ग्रामीणों में भारी आक्रोश

**सोनभद्र।** सदर विकास खण्ड क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम बरकरा, भागलपुर में पिछले 8 दिनों से ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण विद्युत आपूर्ति पूरी तरह बाधित है। लगातार बिजली न रहने से ग्रामीणों को भीषण गर्मी में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पेयजल व रात्रि मे जहारिले जानवरो से खतरा, विद्यार्थियों की पढ़ाई तथा दैनिक कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

ग्रामीणों द्वारा संबंधित विद्युत विभाग को कई बार सूचना देने के बावजूद अब तक ट्रांसफार्मर नहीं बदला गया है और न ही समस्या के समाधान के लिए कोई ठोस कदम उठाया गया है। इससे ग्रामीणों में विभाग के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है। ग्रामवासी आकाश कुमार व अमित सोनी ने कहा कि ग्रामीणों ने विद्युत विभाग के उच्चाधिकारियों एवं जिला प्रशासन से मांग की है कि खराब ट्रांसफार्मर को तत्काल बदलकर विद्युत आपूर्ति बहाल की जाए, ताकि आम जनता को हो रही कठिनाइयों से राहत मिल सके।

यदि शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो ग्रामीण जन आंदोलन एवं धरना-प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे, जिसकी समस्त जिम्मेदारी संबंधित विभाग की होगी। यहां उपस्थित रहे कुंती, मालती, फुलवा देवी अर्चना, बेबी गुप्ता, बबुन्दर,मिरीच, उदय, सुरेश, मंगल, बबलू गुप्ता, मुन्ना, हरिबंस, मीरजा, गुड्डु, संतोष गुप्ता, गिरजा, सुदामा, राहुल, राजकुमार, कैलाश सोनी, दीपक, संजय, राजू, अनिल, पिंटू, लडडू, प्रिंस, सुनील, दिनेश, अशोक, रजिन्दर, छोटू, बुल्लू उपस्थित रहे।

## ■ प्रभारी मंत्री हंसराज विश्वकर्मा ने किया रक्तदान, जनप्रतिनिधियों की रही उपस्थिति

# विश्व रक्तदान दिवस पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का शुभारंभ

तरूणमित्र न्यूज

**सोनभद्र।** स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, सोनभद्र में विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जनपद के प्रभारी मंत्री हंसराज विश्वकर्मा ने फीता काटकर किया तथा स्वयं रक्तदान कर मानवता एवं जनसेवा के इस महापर्व में सहभागिता निभाई। इस अवसर पर सदर विधायक भूपेश चौबे भी उपस्थित रहे।

प्रभारी मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि रक्तदान महादान है और यह किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन देने का माध्यम है। उन्होंने युवाओं एवं आमजन से नियमित रूप से स्वैच्छिक रक्तदान करने का आह्वान किया। उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने भी रक्तदान के महत्व




पर प्रकाश डालते हुए समाज के सभी वर्गों से इस पुनीत कार्य में बढ़-चढ़कर भागीदारी करने की अपील की।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष नंदलाल गुप्ता, पूर्व सांसद नरेन्द्र कुशवाहा, नागेश्वर देव पाण्डेय, रामकुमार विश्वकर्मा, गोबिंद दास गुप्ता, अमन सोनकर, अंगद विश्वकर्मा, गौरव सिंह, श्याम सुंदर विश्वकर्मा सहित चिकित्सकगण, अधिकारीगण एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए अधिकाधिक रक्तदान के लिए प्रेरित किया गया।

### चतरा ब्लॉक में जनकल्याण एवं स्वास्थ्य मेले का आयोजन, प्रभारी मंत्री ने किया शुभारंभ

**सोनभद्र।** सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विकास खण्ड चतरा परिसर में आयोजित तीन दिवसीय जनकल्याण एवं स्वास्थ्य मेले का शुभारंभ जनपद प्रभारी मंत्री एवं प्रदेश सरकार के लघु एवं सूक्ष्म उद्योग मंत्री श्री हंसराज विश्वकर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन कर केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जनहितकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त की तथा अधिकारियों को पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री श्री हंसराज विश्वकर्मा ने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार की मंशा है कि शासन की प्रत्येक योजना का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। इसी उद्देश्य से जनकल्याण एवं स्वास्थ्य मेलों का आयोजन किया जा रहा है, जहां आमजन को एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों की सेवाएं एवं योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार, महिला सशक्तिकरण एवं किसान कल्याण के क्षेत्र में सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों का सकारात्मक प्रभाव जनमानस के जीवन में दिखाई दे रहा है। सदर विधायक श्री भूपेश चौबे ने अपने संबोधन में कहा कि डबल इंजन सरकार की नीतियों के कारण विकास योजनाओं का लाभ तेजी से गांव-गांव तक पहुंच रहा है।

# सीएचसी कोन पर चिकित्सकों एवं सुविधाओं का अभाव

## भाजपा महिला मोर्चा की क्षेत्रीय उपाध्यक्ष ने प्रभारी मंत्री को सौंपा पत्रक

**सोनभद्र।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की क्षेत्रीय उपाध्यक्ष कुसुम शर्मा ने रविवार को उत्तर प्रदेश सरकार के सुक्ष्म लधु एवं मध्यम उद्यान मंत्री एवं जनपद के प्रभारी मंत्री हंसराज विश्वकर्मा को पत्र देकर सीएससी कोन में चिकित्सक समेत अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग किया। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की क्षेत्रीय उपाध्यक्ष कुसुम शर्मा ने कहां की कहने को तो कोन में सीएचसी संचालित है, परंतु अस्पताल में कोई भी सुविधा व डॉक्टर उपलब्ध नहीं होने के कारण क्षेत्र के ग्रामीणों को आज भी इलाज के लिए 75 किलोमीटर दूर जनपद मुख्यालय पर आना पड़ता है, उन्होंने कहा कि सीएचसी कोन में महज नाम के एक डॉक्टर नियुक्त है। जबकि सीएचसी पर एक महिला रोग विशेषज्ञ, एक बाल रोग विशेषज्ञ एवं एक हड्डी के डॉक्टर की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की महिलाओं को भी प्रसव के लिए यहां से 75 किलोमीटर दूर जिला मुख्यालय पर जाना पड़ता है, जिससे काफी समस्या का सामना करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि अस्पताल में ऑक्सीजन इमरजेंसी वह अन्य जांच की सुविधा उपलब्ध न होने के कारण प्रतिदिन सैकड़ो मरीजों को इलाज के लिए प्राइवेट अस्पतालों में बाहर जाना पड़ रहा है। जो गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने के जनपद के प्रभारी मंत्री हंसराज विश्वकर्मा से मांग किया की तत्काल कोन क्षेत्र के आम लोगों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए सीएचसी कोन पर चिकित्सकों की नियुक्ति कराते हुए अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं जिससे लोगों को राहत मिल सके।



## मामूली विवाद में गौशाला मजदूर की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**जलालपुर।** थाना क्षेत्र के सुरहुरपुर गौशाला के मजदूर की गौशाला के पास ही लोहे की राड से मारकर शनिवार की रात को बेरहमी से हत्या कर दी गयी। घटना की जानकारी सुबह मिली तो हड़कम्प मच गया। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंच गयी और घटना के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

गौरतलब हो कि सुरहुरपुर गांव के गौशाला पर चक बहादुर उर्फ भुवर सरोज पुत्र रामकरन सरोज निवासी निगोह थाना बरसठी पिछले कुछ महीने से उक्त गौशाला में मजदूरी का काम करता था। उसी गांव के एक व्यक्ति के घर पर बकरी पालने व चराने की मजदूरी करने वाला शनि उर्फ अभिषेक कुमार 23 वर्ष निवासी लखौवां उदपुर थाना बक्सा से किसी बात को लेकर झगड़ा व गाली गलौज हुआ था। उसके बाद रविवार को सुबह चक बहादुर सरोज की लाश मिली। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष प्रशांत सिंह मय फोर्स मौके पर पहुंच गए। उन्होंने आरोपी शनि उर्फ अभिषेक कुमार को गिरफ्तार कर लिया। घटना के सम्बन्ध में थानाध्यक्ष ने बताया कि दोनों के बीच शनिवार की रात को झगड़ा व गाली गलौज हुआ था। उसके बाद शनि ने रात को लोहे की रॉड से भुवर सरोज के सिर व मुह पर हमला करके हत्या कर दिया। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसके विरुद्ध विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### तोड़फोड़ व गाली-गलौज करने में दो के खिलाफ मुकदमा

**जौनपुर।** लाइन बाजार थाना क्षेत्र के अलीखानपुर में प्रसाद इंटरनेशनल कॉलेज के सामने स्थित एक पान की दुकान में तोड़फोड़ करने और दुकानदार के साथ गाली गलौज और धमकी देने के मामले में पुलिस ने एसपी के निर्देश पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। लाइन बाजार थाना क्षेत्र के अली खानपुर निवासी अम्बरीश चन्द्र मौर्य ने एसपी के यहां प्रार्थना पत्र देकर बताया कि वह काफी समय से प्रसाद इंटरनेशनल कॉलेज के सामने पान की दुकान लगाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करता है। पीड़ित का आरोप है कि अली खानपुर निवासी दबंग अक्सर दुकान पर आकर गाली-गलौज करते हैं। बीते सात जून को दोनों ने दुकान पर आकर पीड़ित के साथ गाली गलौज की और जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित का आरोप है कि उसी रात दुकान बंद करने के बाद मध्य रात्रि में दोनों ने राड व ईंट-पत्थर से उसकी दुकान और ग्राहकों के बैठने के लिए बना चबूतरा तोड़ कर नष्ट कर दिया। इस मामले में पुलिस ने 12 जून को एसपी के निर्देश पर पुलिस ने अली खानपुर गांव निवासी विनय चंद व दीपचंद्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

## सुशीला हार्ट केयर चिल्ड्रेन हॉस्पिटल का हुआ भव्य उद्घाटन

**जौनपुर।** सूबे के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री गिरीश चन्द्र यादव द्वारा सिपाह स्थित सुशीला हार्ट केयर एण्ड चिल्ड्रेन हॉस्पिटल का उद्घाटन तमाम गणमान्य नागरिकों और जनपद के प्रख्यात चिकित्सकों की मौजूदगी में रविवार को दोपहर 12:00 बजे किया गया।

इस अवसर पर जनपद के तमाम राजनेता पत्रकार एवं संभ्रान्त नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति देखने लायक थी। अस्पताल में हृदय रोग विशेषज्ञ उच्च रक्तचाप मधुमेह रोग एवं नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ सहित न्यूरो एवं मानसिक रोग विशेषज्ञ तथा टीबी व खांसी के रोगों की अच्छी खासी डॉक्टरों की टीम है। जहां जनपद वासियों को आधुनिक तकनीकों से लैस चिकित्सा सुविधा मिलने की पूरी संभावना बनने लगी है। सुशीला हार्ट केयर एवं चिल्ड्रेन हॉस्पिटल के अधिष्ठाता डा. आनंद कुमार सिंह एवं उनकी पत्नी डा. ऋतु प्रिया सिंह के कुशल निर्देशन में चिकित्सकों की टीम द्वारा अत्याधुनिक तरीके से रोगियों का इलाज करने की भारी भरकम सुविधा अस्पताल को प्रदान की गई है। इस अवसर पर अपने उद्घाटन समारोह में लोगों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि के रूप में पधारे खेल एवं युवा कल्याण मंत्री गिरीश चन्द्र यादव ने कहा कि बढ़ती हुई जनसंख्या को देखते हुए यह अस्पताल अपनी तकनीकी सेवाओं एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम के साथ इलाज और सेवा भाव दोनों करने में महारथ हासिल करेगा ऐसा हमारा विश्वास है। बच्चों के लिए निमोनिया डायरिया पीलिया कुपोषण एवं संपूर्ण टीकाकरण न्यूट्राइजेशन आदि की सुविधा इस अस्पताल में समाहित की गई है जिसकी सर्वत्र सराहना की जा रही है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए डा. आनंद कुमार सिंह ने बताया कि पूर्वांचल क्षेत्र में चिकित्सा जगत के लिए यह हमारा बेहतरीन प्रयास है कि हम रोगियों को बेहतर से बेहतर उपचार देने में अपने टीम की कामयाबी का सफल प्रदर्शन कर सके यह अवसर बहुत कम मुलभ हो पाता है। इस अवसर पर तरुणमित्र हिंदी दैनिक के ब्यूरो चीफ सतीश चन्द्र शुक्ल सत्यार्थी एवं सुनील कुमार मौर्य को शाल सम्मान एवं मोमेंटो देकर डा. आनन्द कुमार सिंह द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डा. ए. ए. जाफरी मुख्य चिकित्सा अधीक्षक मेडिकल कालेज ने उपस्थित होकर अपनी मंगल शुभकामनाएं संप्रेषित किया। अन्त में डा. आनन्द सिंह के भ्राता अनुराग सिंह अध्यक्ष लेखपाल संघ ने सबके सहयोग के लिए लोगों का आभार प्रकट करते हुए उपस्थित लोगों को धन्यवाद ज्ञापित किया।



फीता काटकर हॉस्पिटल का उद्घाटन करते राज्यमंत्री गिरीश चंद्र यादव।

### एथलेटिक्स सीरिज में रोहित ने जीता स्वर्ण

**जंघई।** अदारी डभिया गाँव निवासी युवा जेवलिंग थ्रोवर रोहित यादव ने 13 जून से 14 जून तक लुधियाना में खेली जा रही इन्डियन एथलेटिक्स सीरिज -90 में 83.76 मीटर भाला फेंक कर स्वर्ण पदक जीता है उनकी सफलता से गांव में खुशी की लहर है। अदारी डभिया गांव निवासी मैराथन धावक सभाजीत यादव के पुत्र अन्तराष्ट्रीय जेवलिंग थ्रोवर रोहित यादव ने 13 से 14 जून तक गुरु नानक स्टेडियम लुधियाना में खेली गयी इन्डियन एथलेटिक्स सीरिज-9 मे 83.76 मीटर भाला फेंक कर स्वर्ण पदक जीता। राजस्थान के यशवीर सिंह ने 82.93 मीटर भाला फेंक रजत पदक जीता वहीं महाराष्ट्र के शिवम लोहाकरे 80.52 मीटर भाला फेंक का समय पदक जीता। रोहित यादव की सफलता से गांव में खुशी का माहौल है। रोहित यादव के पिता सभाजीत यादव का कहना है उनका सपना है की बेटा ओलम्पिक में देश के लिए पदक जीते।

### बिना वेतन पसीना बहा रहे योग प्रशिक्षक

**जौनपुर।** भूखे पेट भजन न होय गोपाला... यह कहावत आज जिले के योग प्रशिक्षकों की स्थिति पर पूरी तरह फिट बैठती नजर आ रही है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां तेज हैं और 15 से 21 जून तक योग सप्ताह के तहत कार्यक्रमों की रूपरेखा बनाई जा रही है, लेकिन मैदान में योग कराने वाले प्रशिक्षक पिछले लगभग 100 दिनों से बिना वेतन के काम करने को मजबूर हैं। प्रशिक्षकों ने मांग की है कि लंबित वेतन जल्द से जल्द जारी किया जाए और भविष्य में भुगतान की प्रक्रिया को नियमित बनाया जाए, ताकि उनके मनोबल पर असर न पड़े और योग अभियान सुचारु रूप से चलता रहे।

### गुरुक्षेत्र फाउंडेशन का पंचम स्थापना दिवस उत्साहपूर्वक सम्पन्न

**जौनपुर।** सामाजिक सेवा एवं जनकल्याण के क्षेत्र में निरंतर कार्यरत गुरुक्षेत्र फाउंडेशन का पंचम स्थापना दिवस रविवार को अत्यंत श्रद्धा, सेवा भावना एवं जनसहभागिता के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ फाउंडेशन के मुख्यालय पर दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया गया। इसके उपरांत फाउंडेशन के पदाधिकारी एवं सदस्य स्थित निःशुल्क वृद्धाश्रम पहुंचे, जहां वृद्धजनों के साथ केक काटकर संस्था का पंचम स्थापना दिवस मनाया गया। स्थापना दिवस के अवसर पर वृद्धाश्रम में पौष्टिक भोजन की व्यवस्था की गई। भोजन उपरांत सभी वृद्धजनों को आम एवं केला वितरित किया गया। इस सेवा कार्यक्रम को उपस्थित लोगों द्वारा सराहनीय एवं प्रेरणादायक पहल बताया गया। कार्यक्रम में इंद्रदमन उपाध्याय, विमलेश उपाध्याय, अतुल मिश्रा, राजेश उपाध्याय, आलोक उपाध्याय, शुभम चतुर्वेदी, अनुपम उपाध्याय, सत्यम सिंह, रवी चौबे, विशाल श्रीवास्तव, सुनील सोनकर सहित इंटर्नशिप कार्यक्रम से जुड़े मानवी सिंह, अन्वेशा सोनकर, सक्षम पटेल, पवन प्रकाश, अमन राज एवं अभिषेक मौर्य सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

### चंदवक में बड़े वाहनों पर नो-एंट्री की मांग

**चंदवक।** स्थानीय थाना क्षेत्र में लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं और मौतों के विरोध में पूर्वांचल किसान संगठन व व्यापारियों ने रविवार को कैंडल मार्च निकालकर मृत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की। साथ ही शासन-प्रशासन से हादसों पर रोक लगाने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की। किसान संगठन के अध्यक्ष ने कहा कि कनौरा बॉर्डर से लेकर दानगंज (वाराणसी) तक सड़क की स्थिति और फोरलेन निर्माण न होने के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि अधिकांश हादसे तेज रफ्तार बड़े वाहनों और डंपर-ट्रकों की चपेट में आने से हो रहे हैं, लेकिन प्रशासन इस गंभीर समस्या को लेकर अपेक्षित कार्रवाई नहीं कर रहा है। कैंडल मार्च के दौरान किसानों और व्यापारियों ने मृतकों को श्रद्धांजलि देते हुए मांग की कि भारी वाहनों और डंपर ट्रकों के आवागमन पर नो-एंट्री व्यवस्था लागू की जाए, जिससे सड़क हादसों में कमी लाई जा सके और बेगुनाह लोगों की जान बचाई जा सके। किसान नेता के आह्वान पर बड़ी संख्या में किसान, व्यापारी और स्थानीय लोग कैंडल मार्च में शामिल हुए। मार्च के दौरान लोगों ने सड़क सुरक्षा को लेकर आवाज बुलंद की और प्रशासन से स्थायी समाधान की मांग की। कैंडल मार्च को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए चन्दवक थाना प्रभारी सहित पुलिस बल मौके पर तैनात रहा। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते प्रशासन ने कदम नहीं उठाए तो सड़क हादसों का यह सिलसिला भविष्य में भी कई परिवारों को उजाड़ता रहेगा।

### विधायक की माता के अंतिम संस्कार में शामिल हुए पूर्व सांसद

**जौनपुर।** महाराष्ट्र के घाटकोपर पश्चिम से विधायक राम कदम की माता के निधन के बाद पूर्व सांसद धनंजय सिंह रविवार को मोक्षदायिनी नगरी काशी पहुंचे। उन्होंने मणिकर्णिका घाट पर आयोजित अंतिम संस्कार में शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने शोकाकुल परिवार को सांत्वना देते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। पूर्व सांसद धनंजय सिंह ने विधायक राम कदम की माता के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि मां का स्थान जीवन में सर्वोच्च होता है। मणिकर्णिका घाट पर अंतिम संस्कार में शामिल होकर पूर्व सांसद ने आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा ईश्वर से प्रार्थना की कि आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें और शोक संतप्त परिवार को इस अपार दुख को सहन करने की शक्ति दें।

### सड़क दुर्घटना में ट्रेलर चालक की मौत

**बक्शा।** स्थानीय थाना क्षेत्र के कुल्हनामऊ ओवरब्रिज के पास रविवार को हुए सड़क दुर्घटना में करीब 31 वर्षीय ट्रेलर चालक की मौत हो गयी। थानाध्यक्ष विक्रम लक्ष्मण सिंह ने बताया कि हाइवे पर सुबह करीब पांच बजे ट्रेलर चालक संतोष यादव निवासी बयापुर थाना साहबगंज जनपद चंदौली सुल्तानपुर जनपद से वाराणसी जा रहें थें उसी दौरान सामने से जा रहा ट्रक चालक ने किसी कारणवश जोरदार ब्रेक लगा दिया। ट्रेलर चालक संतोष पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया। दुर्घटना में ट्रेलर चालक गम्भीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुँची पुलिस जब तक चालक को बाहर निकालती उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने दोनो वाहनों को कब्जे में लेते हुए घटना की सूचना परिजन को देते हुए शव मर्चरी भेज दिया।

## नाले में मिला युवक का शव, हत्या की आशंका

### हत्या के बाद पहचान मिटाने की कोशिश, पुलिस जांच में जुटी

**मछलीशहर।** क्षेत्र के बरेला ताल से जल निकासी के लिए बने नाले में एक अज्ञात युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। शव की स्थिति देखकर हत्या की आशंका जताई जा रही है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, जबकि फॉरेंसिक और एसओजी टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए हैं।

रविवार सुबह करीब 11 बजे मरी माई मंदिर के पास से गुजरने वाले नाले के किनारे शौच के लिए गए एक मजदूर ने लगभग 35 वर्षीय युवक का शव देखा। उसने इसकी जानकारी गांव के लोगों को दी। जिसके बाद मौके पर भीड़ जुट गई। सूचना मिलने पर क्षेत्राधिकारी प्रतिमा वर्मा, उपनिरीक्षक ओमप्रकाश तथा मछलीशहर चौकी प्रभारी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस के अनुसार मृतक के गले पर सूजन के निशान पाए गए हैं, जबकि उसका चेहरा पत्थर या किसी भारी वस्तु से कुचल दिया गया था। इससे आशंका जताई जा रही है कि युवक की हत्या करने के बाद उसकी पहचान छिपाने के उद्देश्य से चेहरे को क्षत-विक्षत किया गया और शव को नाले में फेंक दिया गया। घटना की सूचना पर जिले से फॉरेंसिक टीम और एसओजी टीम भी मौके पर पहुंची। टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य संकलित किए। आसपास के ग्रामीणों से शव की पहचान कराने का प्रयास किया गया, लेकिन मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी। ग्रामीणों का कहना है कि युवक स्थानीय निवासी नहीं प्रतीत होता है। क्षेत्राधिकारी प्रतिमा वर्मा ने बताया कि ग्राम प्रधान कैलाश नाथ बिंद की तहरीर पर अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है तथा उसकी पहचान कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। मामले की जांच जारी है।

### फॉरेंसिक और एसओजी टीम ने किया निरीक्षण

घटना की गंभीरता को देखते हुए जिले से फॉरेंसिक टीम और एसओजी को मौके पर बुलाया गया। टीम ने घटनास्थल से नमूने और अन्य साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस का मानना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और फॉरेंसिक जांच के आधार पर मौत के कारणों और हत्या की परिस्थितियों का पता लगाने में मदद मिलेगी।

## पुलिस के हत्थे चढ़ा एक लाख का इनामी गो-तस्कर

**खुटहन।** मखदूमपुर गांव का निवासी एक लाख रुपये का इनामी कुख्यात अंतरप्रांतीय गोवंशीय तस्कर रवींद्र वर्मा शनिवार की रात पुलिस के हत्थे चढ़ गया। करीब छह माह से फरार चल रहा यह आरोपी जौनपुर समेत कई जनपदों और गुजरात पुलिस के लिए बड़ी चुनौती बना हुआ था। उसके खिलाफ विभिन्न थानों में 85 आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। थाना प्रभारी दिनेश कुमार अपनी टीम के साथ शनिवार रात अपराधियों की तलाश में पटैला बाजार के पास मौजूद थे।

इसी दौरान सूचना मिली कि वांछित रवींद्र वर्मा ग्रामीण विकास इंटर कॉलेज पटैला-मखदूमपुर मोड़ के पास अपने घर जाने की फिराक में है। सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर रात लगभग 11 बजे उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी चोरी, आपराधिक साजिश और हत्या के प्रयास समेत कई गंभीर मामलों में वांछित था। जनवरी माह में पुलिस घेराबंदी के दौरान वह फायरिंग करते हुए फरार हो गया था। उसकी गिरफ्तारी पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित था। रविवार को पुलिस ने उसका चालान कर न्यायालय भेज दिया। सीओ शाहगंज गिरेंद्र सिंह ने बताया कि रवींद्र वर्मा के खिलाफ खुटहन, केराकत, चंदवक, शाहगंज, मछलीशहर, सरपतहां सहित जौनपुर के विभिन्न थानों के अलावा अयोध्या, सुलतानपुर, प्रतापगढ़, अमेठी, आजमगढ़, अंबेडकरनगर, भदोही तथा गुजरात के सूरत शहर में भी मुकदमे दर्ज हैं।

### बार-बार ट्रांसफार्मर जलने से ग्रामीण परेशान

**खुटहन।** भिवरहा कला गांव में विद्युत व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। गांव में लगा 25 केवीए का ट्रांसफार्मर बीते 10 मई को जल गया था। विभाग द्वारा दूसरा ट्रांसफार्मर लगाया गया, लेकिन वह भी 25 मई को खराब होकर जल गया। इसके बाद तीसरी बार 10 जून को नया ट्रांसफार्मर लगाया गया, जो अगले ही दिन 11 जून को फिर जल गया। लगातार ट्रांसफार्मर खराब होने से गांव के दर्जनों घरों की बिजली आपूर्ति ठप है। भीषण गर्मी में बिजली न मिलने से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पेयजल संकट के साथ बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं की मुश्किलें बढ़ गई हैं। वहीं किसान धान की नर्सरी तथा हरी सब्जियों की सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं, जिससे फसलों के नुकसान की आशंका बढ़ गई है। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग से क्षमता बढ़ाकर स्थायी समाधान कराने की मांग की है।

## जनपद के खिलाड़ियों ने जीते कई स्वर्ण पदक

**जौनपुर।** गुरु तेग बहादुर सिंह की पावन तपोस्थली के रणबांकुरे बुलंदशहर की धरती पर अपनी युद्ध कला का कौशल दिखाकर वापस अपनी धरती पर लौट आए हैं। बीते 16 और 17 मई को बुलंदशहर में आयोजित होने वाली 2nd गतका गोल्ड कप उत्तर प्रदेश स्टेट चैंपियनशिप में जौनपुर की 13 सदस्यीय टीम ने जौनपुर का प्रतिनिधित्व किया। इस प्रतिष्ठित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया।

इस प्रतियोगिता में टीम ने तीन गोल्ड मेडल समेत कुल 12 मेडल जीते। इस गौरवशाली चैंपियनशिप में नेहरू बालोद्यान सीनियर सेकेंडरी स्कूल (कन्हईपुर) से सर्वाधिक 10 छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इन खिलाड़ियों में चेतना सिंह, सुहानी राय, साक्षी यादव, आदर्श भास्कर, उत्कर्ष यादव, आयुष सरोज, शिवम कुमार, पार्थ मिश्रा, अंशिका मौर्य और आदित्य शामिल हैं। वहीं, होली चाइल्ड एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल (रुहट्टा) से आयुष जायसवाल व मयंक गुप्ता और प्रकाश ग्लोबल सीनियर सेकेंडरी स्कूल (जगदीशपुर) से आदर्श निषाद शामिल हैं। खिलाड़ियों के साथ जौनपुर से दो अनुभवी रेफरी लालजी निषाद और रौनक निषाद भी रहे। टीम मैनेजर के रूप में कुणाल यादव पूरी टीम की देखरेख और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। रविवार को सभी खिलाड़ियों का राज्यमंत्री गिरीश चंद्र यादव ने अपने कार्यालय में जोरदार स्वागत किया और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि आगे भी जो सहयोग होगा वह खिलाड़ियों के लिए करेंगे। इस उपलब्धि पर खिलाड़ियों, अभिभावकों और खेल प्रेमियों में खुशी का माहौल है। खिलाड़ियों की सफलता का श्रेय उनके कठिन परिश्रम और प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया जा रहा है। टीम के कोच के रूप में शैलेन्द्र निषाद और महिला टीम की कोच स्नेहा पाण्डेय ने खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देकर इस सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## कौशल त्रिपाठी अध्यक्ष एवं हाफिज शाह चुने गए सचिव

**जौनपुर।** लायंस क्लब इंटरनेशनल की स्थानीय इकाई लायंस क्लब क्षितिज, के सत्र 2026-27 की नई कार्यकारिणी का चुनाव शनिवार को नगर के एक होटल में सम्पन्न हुआ। बैठक की अध्यक्षता निवर्तमान अध्यक्ष अतुल सिंह ने की। अध्यक्ष अतुल सिंह ने सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए क्लब के आगामी सेवा एवं सामाजिक कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा की तथा नए सत्र की कार्ययोजना की रूपरेखा प्रस्तुत की। इसके पश्चात चुनाव अधिकारी एवं पूर्व अध्यक्ष लायन प्रदीप सिंह ने चुनाव प्रक्रिया प्रारंभ कर अध्यक्ष पद के लिए प्रथम उपाध्यक्ष लायन कौशल त्रिपाठी का नाम प्रस्तावित किया। इस प्रस्ताव का अनुमोदन संस्थापक अध्यक्ष एमजेएफ शशांक सिंह रानू ने किया। सदन में उपस्थित सभी सदस्यों ने हर्षध्वनि के साथ समर्थन व्यक्त करते हुए कौशल त्रिपाठी को निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित किया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष कौशल त्रिपाठी ने सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि लायंस क्लब का मूल उद्देश्य जनसेवा है और आगामी सत्र में सेवा कार्यों को और अधिक प्रभावी एवं व्यापक बनाया जाएगा। उन्होंने क्लब के सभी सदस्यों से निरंतर सहयोग की अपेक्षा भी व्यक्त की। सचिव और कोषाध्यक्ष पद पर भी सर्वसम्मति अध्यक्ष निर्वाचित होने के बाद कौशल त्रिपाठी ने हाफिज शाह को सचिव तथा डॉ. चंदन नाथ गुप्ता को कोषाध्यक्ष पद के लिए नामित किया।

सदन ने दोनों नामों का सर्वसम्मति से समर्थन किया। इस प्रकार क्लब की नई कार्यकारिणी का गठन निर्विरोध रूप से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन सचिव अजीत सोनकर ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन लायन सुनील कन्नौजिया ने प्रस्तुत किया।




### पुरानी रंजिश में युवक पर हमला, चार के खिलाफ मुकदमा

**खुटहन।** डिहिया गांव में पुरानी रंजिश को लेकर युवक से मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव निवासी कन्हैयाला गौतम ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि गत 11 जून को वह अपनी दुकान पर बैठा था। आरोप है कि उसी दौरान गांव के बड़े लाल, रुदल, शनि और रीमा वहां पहुंचे और पुरानी रंजिश को लेकर गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपितों ने उनके साथ मारपीट की। शोर सुनकर बचाव के लिए पहुंचे उनके पिता और भाई के साथ भी धक्का-मुक्की व मारपीट की गई। आरोप है कि जाते समय विपक्षियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर चारों आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### राज्यमंत्री ने किया जनकल्याण शिविर का उद्घाटन

**जौनपुर।** रविवार को खेल एवं युवा कल्याण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार, गिरीश चंद्र यादव ने करंजाकला ब्लॉक परिसर में आवासीय भवनों के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया और जनकल्याण शिविर का उद्घाटन किया। कार्यक्रम के शुभारंभ पर करंजाकला की ब्लॉक प्रमुख पूनम यादव ने राज्यमंत्री को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। तत्पश्चात वैदिक मंत्रोच्चार एवं पूजन के साथ शिलान्यास संपन्न हुआ। इन आवासीय भवनों के निर्माण पर लगभग 2.29 करोड़ व्यय होंगे। शिलान्यास के उपरांत राज्यमंत्री ने ब्लॉक परिसर में आयोजित जनकल्याण शिविर का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर मोदी सरकार के 12 वर्ष हर परिवार को सुरक्षा देने वाले वर्ष थीम पर स्वास्थ्य शिविरों एवं स्वयं सहायता समूहों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। राज्यमंत्री ने विकास खण्ड करंजाकला में गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार वितरित किया तथा नन्हें बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार संपन्न कराया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख पूनम यादव, जिला महामंत्री अजय सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि सुनील यादव मम्मन, प्रदीप तिवारी, धर्मेन्द्र मिश्रा, राजकेशर पाल, जनकल्याण शिविर संयोजक रविन्द्र सिंह राजू दादा, प्रधान संघ अध्यक्ष मनीषा यादव, बीडीओ करंजाकला एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

## शिक्षक की गरिमा को ठेस पहुंचाने पर साथियों में आक्रोश

**जौनपुर।** राजकीय इंटर कॉलेजों में प्रवक्ता पद के लिए रविवार को आयोजित भर्ती परीक्षा के दौरान टीडी पीजी ला कॉलेज परीक्षा केंद्र पर उस समय हड़कंप मच गया। जब ड्यूटी पर तैनात सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं केराकत के एसडीएम द्वारा शिक्षक डॉ. प्रशांत कुमार को कथित रूप से सार्वजनिक रूप से फटकार लगाने का मामला सामने आया।

परीक्षा समाप्त होने के कुछ ही घंटों बाद संबंधित शिक्षक ने सोशल मीडिया पर सीसीटीवी फुटेज के साथ अपना पक्ष साझा करते हुए आरोप लगाए। जिसके बाद मामला तेजी से तूल पकड़ने लगा है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो और शिक्षक के बयान को लेकर शिक्षा जगत में तीखी प्रतिक्रियाएं सामने आने लगी हैं। शिक्षक संगठनों ने इसे एक शिक्षक की गरिमा और सम्मान से जुड़ा मामला बताते हुए प्रशासनिक अधिकारियों के व्यवहार पर सवाल खड़े किए हैं। बताया जा रहा है कि परीक्षा के दौरान किसी बात को लेकर सेक्टर मजिस्ट्रेट और शिक्षक डॉ. प्रशांत कुमार के बीच कहासुनी हुई थी। आरोप है कि एसडीएम ने परीक्षा केंद्र पर मौजूद अन्य कर्मचारियों और अभ्यर्थियों के सामने शिक्षक को फटकार लगाई, जिससे शिक्षक स्वयं को अपमानित महसूस कर रहे हैं। परीक्षा समाप्त होने के बाद शिक्षक ने सीसीटीवी फुटेज का हवाला देते हुए अपना वीडियो बयान जारी कर दिया। जो देखते ही देखते वायरल हो गया। सूत्रों के अनुसार सोमवार को टीडी कॉलेज शिक्षक संघ का प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी से मुलाकात कर एसडीएम के खिलाफ कार्रवाई की मांग करेगा। शिक्षक नेताओं का कहना है कि यदि किसी प्रकार की शिकायत थी तो उसका समाधान संस्थागत तरीके से किया जाना चाहिए था, न कि सार्वजनिक रूप से किसी शिक्षक की गरिमा को ठेस पहुंचाकर। इस बावत जब एसडीएम से बात की गयी तो उन्होंने कहा कि शिक्षक डा0 प्रशांत कुमार की ड्यूटी परीक्षा कक्ष में थी। जबकि वह स्ट्रांग रूम में बैठ कर एक दूसरे से गप लड़ा रहे थे। उनसे बश इतना ही कहा गया कि अपने कक्ष में जाइए तो वह उल्टा चोर कोतवाल को डाटे की कहावत को चरितार्थ करते हुए अपना पे ग्रेड बताकर अनावश्यक मुझसे ही बहसबाजी कर लिए और कहने लगे की मैं आप से ज्यादा वेतना पाता हूं।

### विकसित भारत की ओर तेजी से बढ़ रहा देश : ए.के शर्मा

**जौनपुर।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित मासिक बैठक में उत्तर प्रदेश के ऊर्जा एवं नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा ने कहा कि विकसित भारत अब केवल नारा नहीं, बल्कि राष्ट्रीय संकल्प बन चुका है। उन्होंने कहा कि मेक इन इंडिया अभियान से देश में उत्पादन बढ़ा है, जिससे रोजगार के अवसर लगातार बढ़ रहे हैं, जबकि स्टार्टअप इंडिया के माध्यम से युवा रोजगार मांगने वाले नहीं, बल्कि रोजगार देने वाले बन रहे हैं। किसान सम्मान निधि, आयुष्मान भारत, कौशल विकास, खेलो इंडिया और फिट इंडिया जैसी योजनाओं से किसानों, युवाओं और गरीबों को सीधा लाभ मिल रहा है। बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष अजीत प्रजापति ने कहा कि कार्यकर्ताओं का परिश्रम ही पार्टी की सबसे बड़ी पूंजी है। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना संगठन का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में बीते 12 वर्ष सुशासन और विकास के स्वर्णिम वर्ष रहे हैं। इस अवसर पर जिला प्रभारी अशोक चौरसिया, जिला महामंत्री पीयूष गुप्ता, संदीप तिवारी सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मोदी सरकार के 12 वर्षों में भारत ने विश्व में बनाई नई पहचान

**जौनपुर।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रविवार को सिरकोनी ब्लॉक मुख्यालय पर केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित प्रदर्शनी एवं जनजागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जफराबाद के पूर्व विधायक डॉ. हरेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्ष देश के विकास, सुरक्षा और वैश्विक प्रतिष्ठा के लिए ऐतिहासिक रहे हैं।

उन्होंने कहा कि इन वर्षों में भारत ने विश्व पटल पर अपनी अलग और मजबूत पहचान बनाई है। हवाई अड्डों के विस्तार, शिक्षा एवं स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार, आधारभूत संरचना के विकास तथा राष्ट्रीय सुरक्षा को सुदृढ़ करने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य हुए हैं। उन्होंने कहा कि आज भारत रक्षा उपकरणों के निर्माण में आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से बढ़ रहा है और आतंकवाद के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई से देश की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत हुई है। डॉ. सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अथक प्रयासों और दूरदर्शी नेतृत्व के कारण भारत ने वैश्विक स्तर पर अपना महत्वपूर्ण स्थान स्थापित किया है। उन्होंने केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनहितकारी योजनाओं की उपलब्धियों पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथि एवं सिरकोनी ब्लॉक प्रमुख बंसराज सिंह तथा अतुल कुमार पाण्डेय ने भी संबोधित किया। अतिथियों ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन कर योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम के प्रारंभ में शनि सिंह, हर्षित सिंह, एडीओ पंचायत रत्नेश सोनकर, पप्पू चौहान एवं आशीष त्रिपाठी सहित अन्य लोगों ने अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस अवसर पर ब्लॉक के सभी अधिकारी, कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## नवागत बीडीओ ने संभाली डोभी ब्लॉक की कमान

**चन्दवक।** डोभी विकासखंड में खंड विकास अधिकारी के पद पर तैनात रहीं अस्मिता सेन के स्थानांतरण के बाद नवागत खंड विकास अधिकारी अरविंद कुमार यादव ने कार्यभार ग्रहण कर लिया। पदभार संभालते ही उन्होंने ब्लॉक क्षेत्र में संचालित विकास योजनाओं की समीक्षा की और अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ बैठक कर योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया।

गौरतलब है कि अस्मिता सेन का डोभी ब्लॉक में कार्यकाल करीब एक से दो माह का ही रहा। इस अल्प अवधि में उन्होंने एक कर्मठ और जनहितैषी अधिकारी के रूप में अपनी पहचान बनाई। इससे पहले भी उनका कार्यकाल डोभी में कुछ माह का ही रहा था। उनके स्थानांतरण के बाद क्षेत्र में यह चर्चा तेज हो गई कि आखिर बेहतर कार्य करने वाले अधिकारियों का कार्यकाल बार-बार छोटा क्यों रह जाता है। हालांकि इसके पीछे के कारण विभागीय अधिकारी ही बता सकते हैं, लेकिन आमजन में इसे लेकर सवाल जरूर उठ रहे हैं। वहीं नवागत बीडीओ अरविंद कुमार यादव ने कार्यभार ग्रहण करने के बाद विकास कार्यों का जायजा लेते हुए केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित जन कल्याण एवं जन जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया। यह अभियान रविवार से मंगलवार तक चलाया जाएगा। इसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाना और पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाना है। बीडीओ अरविंद कुमार यादव ने कहा कि कोई भी पात्र परिवार सरकारी योजनाओं से वंचित न रहे, इसके लिए ऐसे लोगों को चिन्हित कर उन्हें लाभ दिलाने का प्रयास किया जाएगा। अभियान के दौरान आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित कई योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी गई और पात्र लाभार्थियों के आवेदन भी लिए गए। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण लोक कल्याणकारी योजनाओं पर आधारित विकास प्रदर्शनी रही। इसमें महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार जैविक उत्पाद, स्थानीय उत्पादों और मिट्टी के बर्तनों सहित विभिन्न सामग्रियों के स्टॉल लगाए गए। कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं समाज कल्याण विभागों द्वारा भी अलग-अलग स्टॉल लगाकर ग्रामीणों को योजनाओं के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि प्रवीण कुमार सिंह, लेखाकार लालजी राम सहित ब्लॉक के सभी अधिकारी और कर्मचारी मौके उपस्थित थे।



# नालें-नालियों की हो पूरी सफाई, स्ट्रीट लाइटे शत-प्रतिशत रहें चालू हालत में : एस राजलिंगम

## मानसून एक्शन प्लान की बैठक में कमिश्नर ने दिए कई निर्देश

णमित्र न्यूज

**वाराणसी।** मंडलायुक्त एस.राजलिंगम की अध्यक्षता में मानसून एक्शन प्लान की बैठक रविवार को कमिश्नरी सभागार में हुई। जिसमे मंडलायुक्त ने विभिन्न सम्बन्धित विभाग के अधिकारियो से मानसून से पहले कराए जाने वाले कार्यों और अब तक की प्रगति के बारे में विस्तृत जानकारी ली। मंडलायुक्त ने कहा कि पूरे बनारस में बिजली सप्लाई के लिए अंडरग्राउंड वायरिंग का कार्य हुआ है, उसके डिस्ट्रीब्यूशन बॉक्स जमीन के लेवल पर है उसे ऊंचा किया जाए और किसी भी दशा में तारों को प्लास्टिक से न बांधा जाए। उसे अच्छे तरीके से फेंसिंग/कवरिंग किया जाए। उन्होने बिजली विभाग के चीफ इंजीनियर से कहा कि अभियान चलाकर तारों को प्लास्टिक मुक्त कराएं।

मंडलायुक्त ने बाढ़ के दौरान बिजली सप्लाई और कटौती सहित अन्य तकनीकी



कमिश्नर एस राजलिंगम मानसून एक्शन प्लान की बैठक में अधीनस्थ अफसरों को निर्देश देते हुए

समस्याओं की जानकारी जनप्रतिनिधियों के व्हाट्सएप ग्रुप में शेयर किया जाए। कहा कि जहां भी बिजली के खंभे हटाए जाएं, सभी को एक साथ शिफ्ट किया जाए। उन्होने स्ट्रीट लाइट पर एक कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए। कहा कि पूरे शहर की स्ट्रीट लाइटें चालू रहनी चाहिए। यदि कोई स्ट्रीट लाइट खरब हो, तो उस दुरूस्त करा लिया जाए।उन्होंने कहा कि जहां भी सीवर और बिजली के लिए खड्डे बनाएं गए हों उसे अच्छे तरीके से बैरिकेडिंग/कवर किया जाए। छोटी से छोटी गलियों के खड्डे को ठीक किया जाए। जहां सीवर के ढक्कन न हो या टूट गए हों उसे तत्काल रिपेयर करा लिया जाए।साथ ही पीडब्ल्यूडी को निर्देशित किया कि जहां भी सड़क चौड़ीकरण का काम चल रहा है वहां के मलबे को तत्काल हटवाना सुनिश्चित कराएं। उन्होंने सभी घाटों के लिए एकीकृत पब्लिक एड्रेस सिस्टम की व्यवस्था विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी घाटों पर सीसीटीवी कैमरे लग जाए और आपातकाल में सायरन की भी व्यवस्था सुनिश्चित रहे।एक कंट्रोल रूम की स्थापना कर ली जाए। बाढ़ या भारी बारिश की स्थिति में नदी में सायरन टेस्ट और हर बोट में लाईफ जैकेट की व्यवस्था सुनिश्चित रहे। उन्होंने कहा कि नाले और नालियों की सफाई हर हाल इस महीने के अंत तक पूरा हो जाना चाहिए। कहा कि रूटीन वर्क के कार्यों में लापरवाही न बरतें। उन्होंने कहा कि सामान्य मानसून के हिसाब से नालों की साफ सफाई संबंधी कार्य योजना मई के अंत तक होनी चाहिए, जून के अंत तक नहीं, इस बात का ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि बाढ़ की स्थिति होने पर पर्याप्त मात्रा में रैन बसेरों की स्थापना और फूड पैकेट के वितरण की व्यवस्था की कार्य योजना पहले से तैयार रखें। बैठक में नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल, एडीएम (वित्त एवं राजस्व) सदानंद गुप्ता सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने विभागीय समीक्षा बैठक में शत प्रतिशत प्रवेश सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

## आईटीआई में शून्य ड्रॉपआउट और 100 प्रतिशत प्रवेश हो सुनिश्चित : मंत्री कपिल देव अग्रवाल

तरुणमित्र न्यूज

**वाराणसी।** प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल की अध्यक्षता में सर्किट हाउस, वाराणसी में विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में वाराणसी मंडल के संयुक्त निदेशक (प्रशिक्षण/शिक्षुता), राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के प्रधानाचार्य तथा उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के एमआईएस मैनेजर एवं डीपीएमयू अधिकारियों ने प्रतिभाग किया।बैठक के दौरान संयुक्त निदेशक (प्रशिक्षण/शिक्षुता) वाराणसी मंडल द्वारा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों, कौशल विकास योजनाओं तथा संस्थानों की प्रगति के संबंध में विस्तृत प्रस्तुतीकरण किया गया। समीक्षा के दौरान मंत्री ने प्रशिक्षण की गुणवत्ता, संस्थानों के संचालन तथा प्रशिक्षार्थियों की संख्या बढ़ाने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। मंत्री अग्रवाल ने राजकीय आईटीआई में प्रथम वर्ष के



मंत्री कपिल देव अग्रवाल सर्किट हाउस में विभागीय समीक्षा बैठक करते हुए

प्रशिक्षणरत विद्यार्थियों के ड्रॉपआउट प्रतिशत पर सभी प्रधानाचार्यों को विशेष अभियान चलाकर प्रशिक्षार्थियों की काउंसलिंग कराने तथा उनके अभिभावकों से नियमित संपर्क स्थापित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक संस्थान ड्रॉपआउट प्रतिशत को शून्य करने के लक्ष्य के साथ कार्य करे।पीपीपी मॉडल के अंतर्गत संचालित राजकीय आईटीआई पिंडरा, वाराणसी एवं आईटीआई बदलापुर, जौनपुर की समीक्षा करते हुए मंत्री ने अपेक्षित प्रगति न होने पर असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि संस्थानों में आवश्यक संसाधनों, मशीनों एवं कार्मिकों की व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए प्रशिक्षण सत्र 2026-27 से नियमित प्रशिक्षण प्रारंभ कराया जाए तथा भारत सरकार से आवश्यक स्थायी संबंधन एवं एनसीवीटी मान्यता प्राप्त करने की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए।कौशल विकास मिशन के अंतर्गत संचालित प्रशिक्षण संस्थानों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु मंत्री ने एमआईएस मैनेजर एवं संबंधित अधिकारियों को प्रत्येक सप्ताह संस्थानों का निरीक्षण करने तथा प्रशिक्षणार्थियों को आने वाली समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इसके अतिरिक्त मंडल के प्रत्येक जनपद में संचालित निजी आईटीआई में से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 10 संस्थानों का चयन कर उन्हें प्रोत्साहित करने की कार्ययोजना तैयार करने को कहा गया।बैठक में सभी प्रधानाचार्यों को निर्देशित किया गया कि आईटीआई में संचालित विभिन्न व्यवसायों एवं रोजगारपरक पाठ्यक्रमों का व्यापक प्रचार-प्रसार कर प्रशिक्षण सत्र 2026-27 में 100 प्रतिशत सीटों पर प्रवेश सुनिश्चित किया जाए। बैठक का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में विशेष जन-संपर्क एवं जन-जागरूकता अभियान का आयोजन

तरुणमित्र न्यूज

**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विशेष जन-संपर्क एवं जन-जागरूकता अभियान का आयोजन किया



महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ की कुलसचिव डॉ. सुनीता पांडेय कार्यक्रम में अपने विचार रखते हुए

गया। जिसके अंतर्गत विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों एवं बैंक आदि संस्थानों मे जाकर विद्यार्थियों एवं आमजन को केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, योग, स्वास्थ्य, डिजिटल सशक्तिकरण तथा सामाजिक उत्तरदायित्व जैसे विषयों पर व्यापक रूप से जागरूक किया गया।

इस अवसर पर कुलपति प्रो आनंद कुमार त्यागी ने कहा कि विकसित भारत का संकल्प तभी साकार होगा जब विश्वविद्यालय केवल ज्ञान का केंद्र न रहकर सामाजिक परिवर्तन का भी माध्यम बने। विद्यार्थियों को जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए, जिससे जनभागीदारी के माध्यम से राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया और अधिक सशक्त हो सके। उन्होंने जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए युवाओं की सहभागिता को अत्यंत आवश्यक बताया। इस अभियान की विशेषता यह रही कि विश्वविद्यालय परिसर के साथ-साथ आसपास के क्षेत्रों, सार्वजनिक स्थलों एवं आमजन के बीच पहुंचकर व्यापक जन-संपर्क अभियान चलाया गया। आयोजन के क्रम में रविवार को जन कल्याण शिविर एवं स्वास्थ्य मेला का भी प्रारंभ कुलसचिव महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, डॉ सुनीता पांडे की उपस्थिति में किया गया । अभियान को सफल बनाने में कुलसचिव डॉ सुनीता पांडे, कुलानुशासक प्रो के. के. सिंह, डीन प्रो राजेश कुमार मिश्र, प्रो पितांबर दास ,प्रो नलिनी श्याम कामिल, प्रो अंकिता गुप्ता, डॉ नीरज धनखड़, डॉ ऊर्जस्विता सिंह, डॉ अम्बरीष राय , डॉ दिनेश शुक्ल, डॉ चंद्रमनी, द्वारा विविध दिवसों में आयोजित कार्यक्रमों मे प्रतिभाग करते हुए इस अभियान के आयोजन के महत्व पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम संयोजक प्रो नंदिनी सिंह ने बताया कि यह अभियान केवल सरकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार तक सीमित नहीं रहा है , बल्कि समाज में जागरूकता, उत्तरदायित्व एवं सकारात्मक सामाजिक परिवर्तन की भावना विकसित करने का एक सार्थक प्रयास है।

# 2161 करोड़ रुपये की लागत से संवरेगा शहर का बुनियादी ढांचा

## महापौर व कैंट विधायक ने किया भूमि पूजन, बंगाली टोला, जगमबाड़ी, बागहाड़ा, शिवाला और नगवां वार्डों में शुरू हुआ कार्य

तरुणमित्र न्यूज

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संसदीय क्षेत्र काशी को बुनियादी सुविधाओं से संतृप्त करने की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाया गया है। नगर निगम क्षेत्र के अत्यधिक प्रभावित 22 वार्डों की सीवर और पेयजल जैसी बुनियादी समस्याओं के स्थाई समाधान के लिए बुनियादी ढांचे को पूरी तरह नया स्वरूप देने की तैयारी है। इसी क्रम में अमृत-2.0 योजना के अंतर्गत शहर में 2161 करोड़ रुपये की भारी-भरकम लागत से 353.13 किलोमीटर लंबी सीवर लाइन और 651.64 किलोमीटर लंबी पेयजल पाइपलाइन बिछाने का कार्य जल्द ही गति पकड़ेगा। इस महत्वाकांक्षी परियोजना की आधारशिला प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रखी गई थी। इसी कड़ी में रविवार को शहर के पांच प्रमुख प्रभावित वार्डों में कार्य का विधिवत शुभारंभ कर दिया गया। महापौर अशोक कुमार तिवारी एवं कैंट क्षेत्र के विधायक सौरभ श्रीवास्तव ने विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित कार्यक्रमों में भूमि पूजन कर विकास कार्यों की शुरुआत की। उत्तर प्रदेश जल निगम (नगरीय) की देखरेख में इस कार्य को तेजी से पूरा किया जाएगा।



महापौर अशोक कुमार तिवारी भूमि पूजन करते हुए

**एक साल की समस्या व 70 साल तक का समाधान**

इस मौके पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए महापौर अशोक कुमार तिवारी ने जनता से सहयोग की अपील की। उन्होंने धरातलीय सच्चाई को सामने रखते हुए कहा कि सीवर व पानी की नई पाइप लाइन बिछाने के इस बड़े कार्य में लगभग एक साल का समय लग सकता है। इस अवधि के दौरान सड़कों पर गड्ढा खोदने और निर्माण कार्य चलने से नागरिकों को आवागमन में थोड़ी असुविधा और कष्ट का सामना करना पड़ सकता है, लेकिन महापौर ने आश्वस्त करते हुए कहा कि यह एक साल की अस्थायी समस्या आने वाले 70-75 साल तक का स्थाई समाधान लेकर आ रही है। इस परियोजना के पूरा होने के बाद काशीवासियों को अगले 70 वर्षों तक सीवर जाम और ओवरफ्लो की लाइलाज समस्या से हमेशा के लिए मुक्ति मिल जाएगी। इसके साथ ही घरों में पानी का प्रेशर भी बढ़ेगा और हर घर तक शुद्ध पेयजल की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी।

**पांच वार्डों के 66.22 करोड़ से बदलेगी सूरत**

पहले चरण में पांच अत्यधिक प्रभावित वार्डों में सीवर लाइन और गृह संयोजन (हाउस कनेक्शन) का काम शुरू किया गया है। 166.22 करोड़ रुपये की लागत से कुल 73.54 किमी लंबी सीवर लाइन बिछाई जाएगी और 15,748 घरों को सीवर कनेक्शन से जोड़ा जाएगा। इससे करीब 11,680 की आबादी सीधे तौर पर लाभान्वित होगी।

**वार्डवार कार्यों और लागत का विवरण इस प्रकार है:**

- बंगाली टोला (वार्ड नं. 31): 22.15 करोड़ रुपये की लागत से 8.50 किमी सीवर लाइन व 2551 हाउस कनेक्शन।
- जगमबाड़ी: 16.96 करोड़ रुपये की लागत से 6.54 किमी सीवर लाइन व 3441 हाउस कनेक्शन।
- बागहाड़ा: 19.51 करोड़ रुपये की लागत से 7.50 किमी सीवर लाइन व 2338 हाउस कनेक्शन।
- शिवाला: 48.52 करोड़ रुपये की लागत से 28.50 किमी सीवर लाइन व 3861 हाउस कनेक्शन।
- नगवां: 59.08 करोड़ रुपये की लागत से 22.50 किमी सीवर लाइन व 3557 हाउस कनेक्शन।

**प्रधानमंत्री के सबका साथ-सबका विकास के मंत्र और मुख्यमंत्री की विकासोन्मुखी नीतियों से प्रेरित यह परियोजनाएं काशीवासियों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होंगी। अमृत-2.0 के तहत स्वीकृत यह धनराशि शहर की तस्वीर बदल देगी।**

**अशोक कुमार तिवारी महापौर**

बंगाली टोला में पार्षद चंद्रनाथ मुखर्जी की उपस्थिति में राजश्री होटल के पास पांडे हवेली में कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इसके बाद जगमबाड़ी में पार्षद विजय द्विवेदी, बागहाड़ा में पार्षद शमा परवीन, शिवाला में पार्षद राजेश यादव चल्लू और शाम को नगवां में पार्षद माधुरी सिंह की मौजूदगी में क्रमश: तय स्थलों पर भूमि पूजन कर कार्य शुरू कराया गया। इस अवसर पर उपसभापति नरसिंह दास, राम गोपाल वर्मा, अमित सिंह चिंटू, नामित पार्षद संजीव चौरसिया, भाजपा मंडल अध्यक्ष अनुराग शर्मा, अभिषेक बनर्जी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों, जल निगम के अधीक्षण अभियंता अमित कुमार सोनकर, अधिशासी अभियंता कमल सिंह, ओपी सिंह और क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व नगर विकासमंत्री एके शर्मा के के मार्गदर्शन में काशी विकास के नए प्रतिमान स्थापित कर रही है।

## सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी पर मुकदमा दर्ज

तरुणमित्र न्यूज

**मछलीशहर।** सोशल मीडिया पर भाजपा नेता एवं मुंगराबादशाहपुर विधानसभा के पूर्व भाजपा प्रत्याशी अजय शंकर दुबे के खिलाफ कथित अभद्र टिप्पणी किए जाने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, अजय शंकर दुबे के समर्थक विक्रांत सिंह तथा नागेश तिवारी, निवासी थलोई-भिखारीपुर, ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोप लगाया कि कोतवाली क्षेत्र के रामनगर घघरिया निवासी इंद्रजीत सिंह सोशल मीडिया पर लगातार आपत्तिजनक एवं अभद्र टिप्पणियां कर रहे हैं। तहरीर में यह भी कहा गया है कि आरोपित सार्वजनिक स्थलों पर भी अजय शंकर दुबे के प्रति अपमानजनक भाषा का प्रयोग करता है, जिससे उनकी छवि धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है और समर्थकों में नाराजगी व्याप्त है। पुलिस ने प्राप्त तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। इस संबंध में कार्यकारी प्रभारी उपनिरीक्षक ओम प्रकाश ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर आवश्यक जांच-पड़ताल की जा रही है।

## डंपर की टक्कर से सर्राफा व्यवसायी की मौत, पत्नी व चालक घायल

तरुणमित्र न्यूज

**जंघई।** जंघई बाजार के प्रतिष्ठित सर्राफा व्यवसायी अजय जायसवाल की रविवार भोर में हुए भीषण सड़क हादसे में मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे में उनकी पत्नी गुड़िया और कार चालक प्रदीप तिवारी गंभीर रूप से घायल हो गए। जंघई बाजार निवासी अजय जायसवाल 52 वर्ष शनिवार शाम करीब 5 बजे अपनी अर्टिगा कार से निजी कार्य के लिए वाराणसी गए थे। देर रात करीब 2 बजे वह पत्नी और चालक के साथ वापस जंघई लौट रहे थे। रविवार तड़के करीब 4 बजे घर से 6 किलोमीटर पहले भदोही प्रयागराज सीमा के पास सरायममरेज थाना क्षेत्र की जंघई पुलिस चौकी अंतर्गत वरना झारी स्थित एफआर फिलिंग स्टेशन के सामने उनकी कार की सामने से आ रहे डंपर से जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। हादसे में अजय जायसवाल की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। पत्नी गुड़िया तथा कार चालक जौनपुर जिले के मीरगंज थाना क्षेत्र के सेमरी भोगीपुर निवासी प्रदीप तिवारी गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही जंघई चौकी प्रभारी शरद सिंह और ग्रामीण मौके पर पहुंचे। घायलों को एंबुलेंस से नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद चालक प्रदीप तिवारी की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। पत्नी गुड़िया का भी इलाज जारी है। घटना की जानकारी होते ही जंघई बाजार सहित आसपास के क्षेत्र में शोक का माहौल है। सरायममरेज थानाध्यक्ष अरुण कुमार सिंह ने बताया कि दुर्घटना के बाद चौकी प्रभारी मौके पर पहुंचे थे। घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। परिजन आपसी सहमति से शव को दाह संस्कार के लिए ले गए।

## केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर लगाया गया शिविर

**बक्शा।** बक्शा ब्लॉक सभागार में रविवार को केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जन-कल्याण शिविर एवं स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता खण्ड विकास अधिकारी शुभम बरनवाल ने की, जबकि संचालन एडीओ आरडी संजय श्रीवास्तव ने किया। इस दौरान विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनहितकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। खण्ड विकास अधिकारी शुभम बरनवाल ने कहा कि सरकार की मंशा अंतिम व्यक्ति तक विकास और कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने की है। ऐसे शिविर जनजागरूकता बढ़ाने और लोगों को योजनाओं से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शिविर में अधीक्षक डॉ. जी.के. सिंह, एडीओ एजी अनुराग सिंह, एडीओ समाज कल्याण संदीप यादव, ग्राम विकास अधिकारी गौर गणेश, कमलेश खरवार, गधर्मेंद्र यादव, रोहित शर्मा, प्रदीप, नरेंद्र आदि लोग मौजूद रहें।

## नारी महाकुम्भ का चौथा दिन राष्ट्रवाद को समर्पित

**जलालपुर।** क्षेत्र के विशाल भारत संस्थान एवं राज राजेश्वर ट्रस्ट द्वारा बड़कू हनुमान जी आश्रम पुरेव में अंतर्राष्ट्रीय नारी महाकुंभ के चौथे दिन को जल संरक्षण एवं राष्ट्रवाद को समर्पित किया गया। पीठाधीश्वर प्रभु रामदास जी महाराज एवं आरएसएस के वरिष्ठ प्रचारक हरिशंकर जी के नेतृत्व में हजारों महिलाओ ने नव स्थापित जानकी कुंड की पांच बार परिक्रमा कर जल संरक्षण का संदेश दिया। नारी महाकुंभ की बड़ी विशेषता यह रही कि पानी बचाने को सामाजिक आंदोलन बना दिया गया। महिलाओं ने जानकी की शपथ ली कि अब जल बर्बाद नही करेंगे और अपने गांवों के जलाशयों को स्वयं बचाएंगे। जल संरक्षण को सामाजिक आंदोलन बनाने वाली संस्था विशाल भारत संस्थान के यूपी के मुखिया नौशाद अहमद दुबे ने हर गांव में एक जलाशय निर्मित कराने में माताएं अग्रणी भूमिका निभाएंगी। आज के समय का राष्ट्रवाद अपने देश की जरूरतों को बचाने को लेकर है। नारी महाकुंभ में प्रतिदिन पांच हजार से अधिक महिलाएं न सिर्फ भाग ले रही है बल्कि किसी न किसी सामाजिक आंदोलन से जुड़ रही है। उनको प्रतिदिन एक नई प्रेरणा मिल रही है। विशाल भारत संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राजीव श्रीगुरुजी ने माता जानकी की सौगंध दिलाकर आह्वान किया कि अब गांव गिरांव की महिलाएं भी राष्ट्रवाद काम झंडा बुलंद करेंगी। यह पहला अवसर है जहां महिलाओ को देश बचने की व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। हर गांव में 20 महिलाओ की जानकी टोली बनाई जा रही है । इनकी सदस्य अपने गांवों का नेतृत्व करेंगी और सामाजिक कुप्रथाओं से लड़ेंगी।

## सामाजिक न्याय कमेटी की सयुंक्त बैठक संपन्न

**केराकत।** स्थानीय क्षेत्र के सिहौली चौराहे के समीप स्थित सपा पार्टी कार्यालय पर यूथ प्रकोष्ठ एवं सामाजिक न्याय कमेटी की सयुंक्त बैठक विधानसभा अध्यक्ष नीरज पहलवान की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे क्षेत्रीय विधायक तूफानी सरोज ने कहा कि राम मंदिर के लिए जो चंदा जुटाया उसकी चोरी कराने वाले लोगों के खिलाफ अब समाजवादी कार्यकर्ता गांव गांव पोल खोलने का काम करेंगी। वही अपने अध्यक्षीय संबोधन नीरज पहलवान ने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष की लायक बेटी अदिति यादव के खिलाफ की गई अभद्र टिप्पणी के लिए निंदा प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। इस मौके पर संजय सरोज, राम समुझ प्रधान, भगवती सरोज, रामेश्वर मौर्या, शमशेर बहादुर, रामराज राजभर, रमेश यादव, नीरज गौतम, बृजेश यादव, धर्मेंद्र गौतम, शशि कला यादव, पुनीत यादव, गुड्डू चौहान, पुनीत यादव, लुकमान अहमद, हरेंद्र प्रधान, सुरेश कुमार, एडवोकेट जितेन्द्र यादव, सुनील विश्वकर्मा, पतिराम प्रजापति सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक का संचालन महासचिव पवन मंडल ने किया।

## घर से निकला व्यक्ति लापता, परिजन परेशान

**महराजगंज।** थाना क्षेत्र ग्राम सभा चारो निवासी घर से अचानक गायब हो गए जिसकी घरवालों ने थाने पर लिखित तहरीर दिये दिनेश मिश्र (सुनील मिश्र) के बड़े पिता शोभनाथ मिश्र पुत्र स्व0 देवी प्रसाद मिश्र उम्र लगभग 77 वर्ष 23 अप्रैल दिन गुरुवार को लगभग 11:30 बजे घर से बिना बताए कहीं चले गए। परिवार द्वारा काफी खोजबीन की गई। सभी संभावित स्थानों रिश्तेदारों एवं सम्बन्धियों के यहां भी पता किया गया, अभी तक कोई जानकारी प्राप्त नहीं हुई।

## रघुवीर स्वायत्तशासी महाविद्यालय की अकादमिक परिषद् की बैठक संपन्न



**सुजानगंज।** क्षेत्र के रघुवीर स्वायत्तशासी महाविद्यालय थलोई भिखारीपुर कला जौनपुर को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग नई दिल्ली एवं वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय द्वारा ऑटोनामस का दर्जा प्राप्त होने के पश्चात् आज महाविद्यालय परिसर में अकादमिक परिषद् की बैठक संपन्न हुई। जिसमें वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय द्वारा नामित सदस्य प्रो0 गिरिधर मिश्र वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, प्रो. अजय कुमार दुबे टीडी पीजी कॉलेज जौनपुर, प्रो0 राकेश पांडेय प्राचार्य गोविंद बल्लभ पन्त महाविद्यालय प्रतापगंज तथा शासी निकाय द्वारा नामित सदस्य गौरी शंकर सिंह पूर्व मुख्य आयकर आयुक्त, डॉ. विनोद कुमार त्रिपाठी काशी हिंदू विश्वविद्यालय वाराणसी, डॉ. राजेश तिवारी नेहरू ग्राम भारती डीम्ड विश्वविद्यालय प्रयागराज, इंडियन स्पेस वीक के स्टेट कोऑर्डिनेटर डॉ. प्रभान्सु कुमार सहित अकादमिक परिषद् के सदस्य उपस्थित रहे।

## जन आरोग्य मेले के तहत 29 मरीजों का किया गया उपचार

**तेजीबाज़ार।** स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर जनआरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य मेले में मरीजों की जांच की गयी और वही दवा का भी वितरण किया गया। इस संबंध में डॉ. श्री निवास निगम ने बताया कि मुख्यमंत्री योजना के तहत प्रा0 स्वा केंद्र तेजीबाज़ार पर मुख्यमंत्री जनआरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया जिसमें कुल 29 मरीज आये थे। अत्यधिक गर्मी के कारण मरीज कम आये थे। पेट और बुखार के मरीजों की संख्या अधिक थी। रोगियों का क्रमानुसार चेकअप किया गया। मर्ज से संबंधित उन्हें दवा भी उपलब्ध करायी गयी। स्वास्थ्य मेले में आयी धात्री और गर्भवती महिलाओं का एनम रम्भा सिंह के द्वारा वजन और चेकअप किया गया। महिलाओं को विभिन्न सावधानियां बरतने की सलाह देते हुए आयरन, कैल्सियम और विटामिन की दवा दी गयी। इस दौरान फर्मासिस्ट, वार्डवाय, एलटी सहित हास्पिटल के सभी स्टाफगण उपस्थित रहे।

## सामाजिक सांस्कृतिक बाधाओं को तोड़ना ही रक्तदान का असली उद्देश्य




शिविर में रक्तदान करते लोग।

**बदलापुर।** रविवार को बहुप्रतिष्ठित सामाजिक संस्था ठाकुरबाड़ी महिला विकास कल्याण समिति सिंगरामऊ द्वारा जन पद जौनपुर के जिला अस्पताल परिसर में स्थित ब्लड बैंक में विश्व रक्तदाता दिवस पर आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में संस्था से जुड़े पदाधिकारियों, प्रबुद्ध सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा रक्त दान के अवसर पर मुख्य अतिथि जिलाधिकारी सैमुअल पाल ने जहां रक्त दाताओं को प्रशस्ति पत्र सौंपकर उनका हौसला आफ जाई किया वहीं रक्तदान के प्रति लोगों में जागरूकता का संदेश भी दिया। डॉ. सुरेश त्रिपाठी ने वैज्ञानिक और चिकित्सीय दृष्टिकोण साझा करते हुए बताया कि आधुनिक चिकित्सा व आपातकालीन व्यवस्था में रक्त की मांग चौबीसों घंटे बनी रहती है। क्योंकि मानव रक्त का आज तक कोई कृत्रिम विकल्प तैयार नहीं है। सिर्फ स्वैच्छिक रक्तदान ही एकमात्र जरिया है। रक्त दाताओं में महेन्द्र शुक्ल व डॉ. सुरेश त्रिपाठी सहित 25 लोगों ने रक्तदान किया।

## समाजसेवी के निधन पर शोक की लहर

**जौनपुर।** सिरकोनी विकास खंड क्षेत्र के वीरभानपुर गांव निवासी वरिष्ठ समाजसेवी रमाशंकर पाठक (75 वर्ष) का शनिवार की रात निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही रविवार को उनके आवास पर शोक व्यक्त करने वालों का तांता लगा रहा। बताया जाता है कि श्री पाठक पिछले कुछ दिनों से सांस संबंधी बीमारी से पीड़ित थे और उनका उपचार चल रहा था। शनिवार रात अचानक उनकी तबीयत अधिक बिगड़ गई, जिसके बाद परिजन उन्हें शहर के एक निजी चिकित्सालय ले गए। वहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनका अंतिम संस्कार वाराणसी के मणिकर्णिका घाट पर किया गया। जहां उनके बड़े पुत्र प्रमोद पाठक ने मुखाग्नि दी। श्री पाठक के निधन पर नेहरूनगर पंचायत भवन में शशिकांत पाठक की अध्यक्षता में शोकसभा आयोजित की गई। शोकसभा में सुरेश पाठक, विजेंद्र पाठक उर्फ नेहरू, अतुल दुबे, राममिलन राजभर, तुलसी यादव, शिशु उपाध्याय, धीरज पाठक सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है।




# विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर आयोजित हुआ स्वैच्छिक रक्तदान शिविर

- शिविर का शुभारंभ कर डीएम ने रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र से किया सम्मानित
- एक यूनिट रक्त से तीन लोगों का जीवन बचाया जा सकता हैः जिलाधिकारी



रक्तदाता को प्रशस्ति देकर सम्मानित करते डीएम आनंद वर्धन।

**तरुणमित्र न्यूज**

**मऊ।** विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर रविवार को जिला अस्पताल स्थित ब्लड बैंक में आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का शुभारंभ जिलाधिकारी आनंद वर्द्धन ने किया। इस अवसर पर उन्होंने रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया तथा उनके इस मानवीय एवं प्रेरणादायक कार्य की सराहना की।

जिलाधिकारी ने कहा कि रक्तदान महादान है। रक्त का कोई कृत्रिम विकल्प उपलब्ध नहीं है, इसलिए जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्तदान ही जीवनदान का माध्यम बनता है। उन्होंने जनपदवासियों से अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान करने की अपील करते हुए कहा कि जनपद स्थित ब्लड बैंक में पर्याप्त मात्रा में रक्त उपलब्ध रहने से आपातकालीन परिस्थितियों में मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराया जा सकता है।

जिलाधिकारी ने कहा कि किसी भी व्यक्ति द्वारा दान की गई एक यूनिट रक्त से तीन लोगों का जीवन बचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ व्यक्ति को समय-समय पर स्वैच्छिक रक्तदान करना चाहिए तथा रक्तदान को लेकर समाज में व्याप्त भ्रांतियों को दूर करने की आवश्यकता है।

इस दौरान सीडीओ विवेक कुमार, सीएमओ डा.पंकज कुमार, एसीएमओ डा. आर एन सिंह, शारदा नारायण हॉस्पिटल के डॉ. संजय सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे।

# पीड़ित के खाते से फ्राड हुई सम्पूर्ण धनराशि हुई वापस

**तरुणमित्र न्यूज**

**मऊ।** पुलिस अधीक्षक कमलेश बहादुर के कुशल निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में साइबर फ्राड रोकथाम व जागरुकता के तहत चलाये जा रहे अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी व प्रभारी निरीक्षक द्वारा पीड़ित के खाते से फ्राड हुई सम्पूर्ण धनराशि वापस की गयी। थाने पर साइबर टीम द्वारा थाना कोतवाली नगर साइबर पोर्टल संख्या 33106260126357 मोहम्मद आमिर खान पुत्र शमीम अहमद निवासी कासिमपुरा ने अपने फोन पर मैसेज देखा कि खाते से 7750/- पैसे ट्रांसफर हो गया।

जिसके सम्बन्ध में आवेदक द्वारा समय रहते साइबर कम्प्लेन की शिकायत की गयी जिसमें आवेदक की कुल धनराशि होल्ड थी। उक्त शिकायत के आधार पर थाना कोतवाली की साइबर टीम द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुये पीड़ित के खाते से फ्राड हुई सम्पूर्ण धनराशि 7750 रुपये वापस कराया गया।

# 3.08 लाख के 16 गुमशुदा मोबाइल स्वामियों को लौटा

**सीईआइआर पोर्टल के शिकायत का कोतवाली नगर टीम ने किया निस्तारण**




16 बरामद मोबाइल को स्वामियों को लौटाते कोतवाली प्रभारी प्रमेन्द्र कुमार सिंह।

**तरुणमित्र न्यूज**

**मऊ।** पुलिस अधीक्षक कमलेश बहादुर, अपर पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार के निर्देशन में साइबर फ्रॉड रोकथाम व जागरूकता तथा गुम मोबाईल बरामदगी के तहत जनपद में अभियान चलाया जा रहा है।

जिसके क्रम में क्षेत्राधिकारी नगर क्रिश राजपूत के कुशल नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक प्रमेन्द्र कुमार सिंह कोतवाली नगर टीम द्वारा थाना स्थानीय भिन्न भिन्न दिनांक में सीईआइआर पोर्टल शिकायतकर्ताओं के शिकायत का निस्तारण किया गया। जिसमें अभिषेक साही, प्रशांत शुक्ला, मो.रेहान, संजय मद्धेशिया, अरविंद कुमार रावत, सुरेन्द्र, नसीम अहमद अंसारी, मोहम्मद आसिफ, अल्तमश, रुस्तम अंसारी, अतुल कुमार, विजय भूषण मिश्रा, सुनील कुमार, दिलीप कुमार, नागेन्द्र चौरसिया, राम बचन गुप्ता द्वारा दर्ज करायी गयी मोबाइल गुमशुदगी की शिकायत की जाँच की गयी।

जिसके क्रम में गुम मोबाइलों को सीईआइआर पोर्टल की मदद से ट्रेस कर बरामद मोबाईल शिकायतकर्ताओं को सुपुर्द गिया गया।

# विकास खंडों में जनकल्याण शिविर एवं स्वास्थ्य मेलों का हुआ आयोजन



जनकल्याण शिविर में अवलोकन करते जिलाध्यक्ष रामाश्रय मौर्य।

- विभिन्न योजनाओं की जानकारी सहित लाभार्थियों से प्राप्त किये गये आवेदन
- 'कुष्ठ के विरुद्ध आखिरी युद्ध' अभियान के संबंध में लोगों को किया गया जागरूक

**तरुणमित्र न्यूज**

**मऊ।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनपद के समस्त विकास खंडों में समेकित जनकल्याण एवं जनजागरूकता अभियान के अंतर्गत जनकल्याण शिविरों एवं स्वास्थ्य मेलों का आयोजन रविवार को किया गया। यह आयोजन 14, 15 एवं 16 जून तक संचालित किया जाएगा, जिसमें विभिन्न विभागों द्वारा आमजन को सरकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है तथा पात्र लाभार्थियों के आवेदन भी प्राप्त किए जा रहे हैं।

आयोजित जनकल्याण शिविरों में पशुपालन विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), मुख्यमंत्री आवास योजना सहित अन्य संबंधित विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए। विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा आमजन को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनहितकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई तथा योजनाओं से लाभान्वित होने हेतु आवेदन प्रक्रिया भी समझाई गई।

स्वास्थ्य मेलों में स्वास्थ्य विभाग की ओर से विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत 'कुष्ठ के विरुद्ध आखिरी युद्ध' अभियान के संबंध में लोगों को जागरूक किया गया। साथ ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा बदलते मौसम में स्वास्थ्य संबंधी सावधानियां बरतने, स्वच्छता बनाए रखने तथा संक्रामक रोगों की रोकथाम के संबंध में महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए।

जनपद के समस्त विकास खंडों में आयोजित स्वास्थ्य शिविरों में चिकित्सक, फार्मासिस्ट, स्टाफ नर्स एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे। शिविरों में आए लोगों की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की गई, जिसमें रक्तचाप (बीपी), मधुमेह (शुगर), कैंसर स्क्रीनिंग, ब्रेस्ट कैंसर जांच सहित विभिन्न स्वास्थ्य परीक्षण किए गए। पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड भी बनाए गए तथा आवश्यकतानुसार मरीजों को निःशुल्क परामर्श एवं उपचार उपलब्ध कराया गया।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, नियमित स्वास्थ्य जांच कराने तथा सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया। शिविरों में बड़ी संख्या में लोगों ने सहभागिता करते हुए विभिन्न योजनाओं एवं स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ प्राप्त किया। जनपद प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे 15 एवं 16 जून को आयोजित होने वाले जनकल्याण शिविरों एवं स्वास्थ्य मेलों में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर सरकार द्वारा संचालित योजनाओं एवं स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाएं।

# पुत्र की तहरीर पर छः लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**तरुणमित्र न्यूज**

**मर्यादपुर ( मऊ )।** मधुबन थाना क्षेत्र के लीलहवा में निमंत्रण से घर लौट रहे एक व्यक्ति को लाठी डंडा से मार कर गंभीर रूप से घायल कर देने के मामले में मधुबन पुलिस ने घायल व्यक्ति के पुत्र की तहरीर पर कुल छः लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पीड़ित घनश्याम यादव पुत्र अयोध्या यादव का आरोप है की बीते 12 जून की शाम साढ़े नौ बजे गांव के रमावध चौहान के घर निमंत्रण पर गए थे निमंत्रण से घर वापस लौटते समय रास्ते में पहले से घात लगाकर बैठे सोनू उर्फ सुदामा, अमरनाथ उर्फ पिंटू पुत्रगण रामभवन यादव, अभिषेक उर्फ मुलायम पुत्र वीरेंद्र व अवनीश पुत्र अज्ञात, प्रिंस पुत्र अज्ञात, शिव पुत्र अज्ञात निवासीगण मिश्रौली दुबारी ने बाइक को रोक कर गाली गुप्ता देते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे। जब उसके पिता ने विरोध किया तो उपरोक्त लोग लाठी डंडा से मार कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया और बेहोशी के हालत में मौके पर छोड़ कर फरार हो गए। उपरोक्त लोगों से एक जमीनी को लेकर पुरानी रंजिश है।

इस मामले में मधुबन पुलिस ने घायल व्यक्ति के पुत्र की तहरीर पर कुल छः लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

# केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर जन कल्याण शिविर एवं स्वास्थ्य मेले का हुआ आयोजन

**फतहपुर मंडाव पर तीन दिवसीय जनकल्याण शिविर एवं स्वास्थ्य मेले का हुआ शुभारंभ**

**तरुणमित्र न्यूज**

**मर्यादपुर ( मऊ )।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे 'बारह साल विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के' अभियान के अंतर्गत विकास खण्ड फतहपुर मण्डाव मुख्यालय पर रविवार से तीन दिवसीय जनकल्याण शिविर एवं स्वास्थ्य मेले का शुभारंभ किया गया। तीन दिवसीय शिविर 14 से 16 जून तक आयोजित किया जाना है, जिसका उद्देश्य आम जनता को सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराना तथा पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से जोड़ना है।

शिविर में स्वास्थ्य विभाग, महिला कल्याण विभाग, समाज कल्याण विभाग, पशुपालन विभाग, प्रधानमंत्री आवास योजना, खाद्य एवं रसद विभाग, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम), लघु सिंचाई विभाग तथा बाल विकास विभाग सहित विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर लोगों को योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने लाभार्थियों की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। स्वास्थ्य मेले के दौरान लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा उन्हें विभिन्न रोगों के प्रति जागरूक किया गया। वहीं अन्य विभागों द्वारा पात्र व्यक्तियों का पंजीकरण कर उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने की प्रक्रिया भी शुरू की गई।

शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर योजनाओं की जानकारी प्राप्त की और सरकार की जनहितकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवेदन भी किया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि प्रवीण कुंवर सिंह 'शुभम', पूर्व विधायक उमेश चंद पांडेय, सचिव राजेश यादव, ग्राम प्रधान रामपुर हरिलाल राजभर, संरक्षण अधिकारी शिवानंद सिंह, महिला कल्याण विभाग की प्रतिनिधि, आंगनबाड़ी सुपरवाइजर रेखा यादव एवं चंपा, समाज कल्याण विभाग के अमित कुमार, खाद्य एवं रसद विभाग के विनोद अगहरी, पशुपालन विभाग के डॉ. राज नारायण, डॉ. हीरालाल, डॉ. राजीव कुमार तिघरा, राहुल दीक्षित सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर मेडिकल कॉलेज में रक्तदान शिविर आयोजित

**तरुणमित्र न्यूज**

**मऊ।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर रविवार को कल्पनाथ राय इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइन्स एण्ड हॉस्पिटल में एक भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। मानवता की सेवा और सामाजिक सरोकार की मिसाल पेश करते हुए चिकित्सकों, कॉलेज स्टाफ, छात्र-छात्राओं और स्थानीय जागरूक नागरिकों ने शिविर में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जहां सामूहिक प्रयास के फलस्वरूप कुल 53 यूनिट रक्त का संचय किया गया, जो आपातकालीन स्थितियों में कई अनमोल जिंदगियां बचाने के काम आएगा।

शिविर की शुरुआत संस्थान के डायरेक्टर डॉ. मनीष राय ने रक्तदान कर उपस्थित जनसमूह को रक्तदान के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आपके द्वारा दिया गया मात्र एक यूनिट रक्त, तीन अलग-अलग लोगों की जिंदगी बचा सकता है। रक्तदान पूरी तरह से एक सुरक्षित और वैज्ञानिक प्रक्रिया है, जिससे शरीर को कोई नुकसान नहीं होता। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपनी झिझक छोड़ें और नियमित अंतराल पर रक्तदान करने का संकल्प लें, क्योंकि यह किसी जरूरतमंद को नया जीवन देने का सबसे बड़ा माध्यम है। इस वर्ष विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा घोषित थीम 'रक्त दीजिए, आशा दीजिए, मिलकर जीवन बचाइए' को रेखांकित करते हुए डायरेक्टर ने कहा कि यह संदेश दुनिया भर में एकजुटता और उम्मीद का संचार करने के लिए है।

# छपरा-वाराणसी इंटरसिटी एक्सप्रेस में अतिरिक्त कोच की मांग

**तरुणमित्र न्यूज**

**रतनपुरा ( मऊ )।** छपरा-वाराणसी वाया मऊ इंटरसिटी एक्सप्रेस में लगातार बढ़ रही यात्रियों की भीड़ को देखते हुए क्षेत्र के समाजसेवियों एवं यात्रियों ने रेल प्रशासन से ट्रेन में अतिरिक्त कोच लगाए जाने की मांग की है। उनका कहना है कि वर्तमान में ट्रेन में यात्रियों की संख्या के मुकाबले डिब्बों की उपलब्धता बेहद कम है, जिसके कारण प्रतिदिन यात्रा करने वाले लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। रतनपुरा रेलवे स्टेशन मऊ, बलिया और गाजीपुर जनपदों के सीमावर्ती क्षेत्र में स्थित एक महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशन है।

यह क्षेत्र के हजारों लोगों के लिए वाराणसी जाने का प्रमुख और सुविधाजनक रेल माध्यम है। वाराणसी से क्षेत्र के लोगों का धार्मिक, शैक्षिक, व्यावसायिक तथा चिकित्सकीय संबंध लंबे समय से जुड़ा हुआ है। इसी कारण प्रतिदिन बड़ी संख्या में छात्र, व्यापारी, मरीज, नौकरीपेशा लोग तथा अन्य यात्री सुबह के समय रतनपुरा रेलवे स्टेशन पहुंचकर छपरा-वाराणसी इंटरसिटी एक्सप्रेस से यात्रा करते हैं।

क्षेत्र के प्रमुख समाजसेवी एवं नगवा निवासी गाढ़ा निवासी समाजसेवी संतोष कुमार सिंह 'संतु' ने कहा कि इंटरसिटी एक्सप्रेस में अतिरिक्त कोच जोड़े जाने से यात्रियों की इस गंभीर समस्या का काफी हद तक समाधान हो सकता है।

उन्होंने बताया कि ट्रेन की लोकप्रियता और यात्रियों की संख्या को देखते हुए रेल प्रशासन को इस दिशा में शीघ्र प्रभावी कदम उठाना चाहिए। समाजसेवियों एवं क्षेत्रीय नागरिकों के प्रतिनिधिमंडल ने रेलवे प्रशासन से मांग की है कि यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा और बढ़ती आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए छपरा-वाराणसी इंटरसिटी एक्सप्रेस में अविलंब अतिरिक्त डिब्बे लगाए जाएं, ताकि क्षेत्र के हजारों यात्रियों को राहत मिल सके और उन्हें सम्मानजनक एवं सुरक्षित यात्रा का अवसर प्राप्त हो।

## संक्षिप्त सामाचार

### *व्यापक चेकिंग अभियान में 38 स्थानों पर हुई कार्रवाई*

***तरुणमित्र न्यूज***

*__मऊ।__ पुलिस अधीक्षक कमलेश बहादुर के निर्देशन में रविवार को जनपद के समस्त थाना क्षेत्रान्तर्गत संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनो व यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध व्यापक चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसके अंतर्गत 33 टीम गठित कर जनपद के 38 स्थानों पर बदल बदलकर लगभग संदिग्ध वाहनों/व्यक्तियों को चेक किया गया। इनमें यातायात के नियमों का पालन न करने पर 357 वाहनों को विभिन्न धाराओं में चालान एवं 03 वाहन को सीज किया गया। साथ ही साथ अन्य लोगों को हिदायत भी दी गयी तथा यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु वाहन चालकों को नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा आमजन से अपील की गई है कि वे यातायात नियमों का पालन करें, हेलमेट एवं सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें एवं गलत स्थानों पर पार्किंग नहीं करे तथा सुरक्षित यातायात में सहयोग प्रदान करें।*

### *साइबर टीम के प्रयास से पीड़ित का वापस हुआ 39998 रुपया*

***तरुणमित्र न्यूज***

*__मऊ।__ पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में साइबर फ्राड रोकथाम व जागरुकता के तहत अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के क्रम में रविवार को क्षेत्राधिकारी मुहम्मदाबाद व प्रभारी निरीक्षक के कुशल नेतृत्व में थाने पर साइबर टीम द्वारा थाना मधुबन साइबर पोर्टल के शिकायत पर कार्रवाई की गयी। जहां आवेदक शंकर राम पुत्र गोविंद निवासी शेखवालिया थाना मुहम्मदाबाद गोहना ने किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा यूपीआई के माध्यम से पैसे का फ्रॉड हो जाने के संबंध में की गयी थी। जिसके सम्बन्ध में आवेदक द्वारा समय रहते साइबर कम्प्लेन की शिकायत थाना मुहम्मदाबाद पर की गयी। जिसके आधार पर थाना में नियुक्त साइबर टीम द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुये शंकर राम के खाते से फ्राड हुई सम्पूर्ण धनराशि 39998.00 रुपये वापस कराया गया।*

### *दहेज हत्यारोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस ने भेजा जेल*

***तरुणमित्र न्यूज***

*__मर्यादपुर ( मऊ )।__ मधुबन पुलिस को रविवार की सुबह साढ़े आठ बजे एक अहम सफलता हाथ लगा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दहेज हत्या के दो वांछित आरोपियों को मानपरवा मोलनापुर स्थित घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। उपनिरीक्षक राम अवध मय हमराह कां.रामबली उपाध्याय, महिला कां.रीमा यादव, अर्पिता यादव के साथ देखभाल क्षेत्र में मौजूद थे कि उसी दौरान पता चला कि मु.अ.सं. 207/26 धारा 115(2), 85, 80(2) बीएनएस 3/4 डीपी एक्ट में वांछित प्रमिला सिंह पत्नी स्व ओमकार सिंह व अमित सिंह पुत्र स्व ओमकार सिंह मानपरवा मोलनापुर स्थित अपने घर पर मौजूद है। मधुबन पुलिस ने मिली सूचना पर विश्वास कर मौके पर पहुंची और दोनों को गिरफ्तार कर मधुबन थाने ले गई और विधिक कार्रवाई करने के उपरान्त मधुबन पुलिस ने दोनों को जेल भेज दिया।*

### *स्वास्थ्य जागरूकता और जांच शिविर के साथ तीन दिवसीय स्वास्थ्य मेला प्रारंभ*

***तरुणमित्र न्यूज***

*__मुहम्मदाबाद गोहना ( मऊ )।__ क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाने के उद्देश्य से रविवार को मुहम्मदाबाद गोहना ब्लाक परिसर में तीन दिवसीय स्वास्थ्य मेले का शुभारंभ किया गया। मेले में बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण, परामर्श एवं निःशुल्क दवा वितरण सेवाओं का लाभ उठाया। स्वास्थ्य मेले का उद्घाटन मुख्य अतिथि भाजपा की पूर्व प्रत्याशी पूनम सरोज एवं डॉ उमेश सरोज ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ रामबदन ने अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ भेंट कर किया। मेले में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा सामान्य स्वास्थ्य जांच, रक्तचाप, मधुमेह सहित विभिन्न रोगों की जांच की गई तथा मरीजों को आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श और दवाएं उपलब्ध कराई गईं। वक्ताओं ने कहा कि ऐसे आयोजनों से ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को स्वास्थ्य संबंधी सेवाएं उनके निकट उपलब्ध हो जाती हैं और समय रहते बीमारियों की पहचान संभव हो पाती है। अतिथियों ने लोगों से नियमित स्वास्थ्य जांच कराने, स्वच्छता अपनाने तथा सरकार द्वारा संचालित स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया।*

# अनियंत्रित ट्रेलर ने रतनपुरा में तीन दुकानों को रौंदा

**तरुणमित्र न्यूज**

**रतनपुरा ( मऊ )।** रसड़ा मार्ग पर शनिवार देर रात एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने शहीद चौक, रतनपुरा में कहर बरपा दिया। रात करीब 12 बजे मऊ से रसड़ा जा रहा 18 चक्का ट्रेलर बीआर28जीबी/ 6915 अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बनी तीन दुकानों में जा घुसा। हादसे में लगभग 6 लाख रुपये की संपत्ति नष्ट हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रेलर पहले बिजली के खंभे से टकराया इसके बाद दुकानों के अगले हिस्से और टीन शेड को रौंदते हुए एक किराने की दुकान में फंसकर रुक गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि धमाके की आवाज से आसपास के दुकानदारों की नींद टूट गई। खंभे से टकराने के कारण दुकानों के टीन शेड में करंट उतर आया था, जिसे तत्काल फोन कर बिजली कटवाई गई। हादसे में व्यापारी धर्मेंद्र कुमार गुप्त की मिठाई की दुकान का शटर, डीप फ्रीज, काउंटर, चौकी, मेज-ब्रेंच और रखी मिठाइयां नष्ट हो गईं जिससे उन्हें 3 से 4 लाख का नुकसान हुआ है। वहीं मोबाइल कारोबारी जितेंद्र कुमार गुप्त की दुकान में रखी बाइक, सीसीटीवी कैमरा, शटर, दीवारें व मोबाइल सामग्री चकनाचूर हो गई। जितेंद्र ने बताया कि वह बैंक से ऋण लेकर कारोबार कर रहे थे और करीब 3 लाख की क्षति हुई है। तीसरी दुकान रामपति मद्धेशिया की है, जिसका टीन शेड पूरी तरह टूट गया। स्थानीय लोगों ने केबिन में फंसे घायल चालक को बाहर निकाला और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घायल ट्रेलर चालक को अस्पताल पहुंचाया और ट्रेलर को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। बताया गया कि ट्रेलर जय मां शारदा ट्रांसपोर्ट कंपनी, गीडा गोरखपुर का है। घटना के बाद शहीद चौक की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। विद्युत कर्मी खंभे व तार की मरम्मत में जुटे हैं। पीड़ित दुकानदारों ने थाने में तहरीर देकर मुआवजे की मांग की है।










संस्थापक सम्पादक- स्व. कैलाशनाथ
तरुणमित्र मीडिया प्रा0लि0 के लिए प्रकाशक योगेन्द्र विश्वकर्मा, मुद्रक एवं सम्पादक **आदर्श कुमार*** द्वारा मीडिया टेक्स्ट प्रा0लि0, रोहनिया जी0टी0 रोड, वाराणसी से मुद्रित एवं 631, उमरपुर हरिबन्धनपुर, जौनपुर से प्रकाशित।
आर.एन.आई पंजीयन सं. 353710/78 (मो0:- 9452984488)
फोनः-समाचार कक्ष-(05452) 358728, 05452-470147
E-mail : tarunjnp@rediffmail.com, tarunjaunpur@gmail.com
* इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा उत्पन्न समस्त विवाद जौनपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
मुख्यालयः- 47 धरनीधरपुर, जौनपुर (उ0प्र0)

# रक्तदाताओं को मिला सम्मान

## रक्त मानव जीवन का अमूल्य आधार है : प्रभारी मंत्री




**बलिया।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय एवं रेडक्रॉस सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को जिला अस्पताल स्थित ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ उत्तर प्रदेश सरकार के आयुष मंत्री एवं जनपद के प्रभारी मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में प्रभारी मंत्री ने कहा कि रक्त मानव जीवन का अमूल्य आधार है। आधुनिक चिकित्सा विज्ञान में दुर्घटनाओं, प्रसव, बड़ी शल्य चिकित्सा, कैंसर, थैलेसीमिया, हीमोफीलिया सहित कई गंभीर परिस्थितियों में रक्त की आवश्यकता पड़ती है। ऐसे समय में स्वैच्छिक रक्तदाता किसी अज्ञात व्यक्ति के लिए जीवनदाता बनकर सामने आते हैं। उन्होंने कहा कि निस्वार्थ भाव से रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं के सम्मान तथा लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 14 जून को विश्व रक्तदाता दिवस मनाया जाता है।

जिलाध्यक्ष संजय मिश्रा ने कहा कि विश्व रक्तदाता दिवस का आयोजन विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा वर्ष 2004 से किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 14 जून नोबेल पुरस्कार विजेता वैज्ञानिक कार्ल लैंडस्टीनर की जयंती है, जिन्होंने रक्त समूहों की खोज कर चिकित्सा विज्ञान में क्रांतिकारी योगदान दिया था। उनके सम्मान में ही इस दिन को विश्व रक्तदाता दिवस के रूप में मनाया जाता है।

जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने कहा कि रक्तदान को महादान कहा जाता है, क्योंकि इससे किसी व्यक्ति को नया जीवन मिल सकता है। उन्होंने बताया कि एक यूनिट रक्त से तीन अलग-अलग मरीजों की सहायता की जा सकती है। रक्त का कोई कृत्रिम विकल्प नहीं है और इसे केवल स्वस्थ व्यक्ति के रक्तदान से ही प्राप्त किया जा सकता है। इसलिए नियमित और स्वैच्छिक रक्तदान समाज के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। जिले कुल 20 व्यक्तियों ने रक्तदान किया। कार्यक्रम के दौरान सभी स्वैच्छिक रक्तदाताओं को प्रभारी मंत्री ने प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही मानव सेवा एवं जनकल्याण के लिए रक्तदान करने वाले सभी रक्तवीरों का अभिनंदन किया गया। सहयोगी स्वयंसेवी संस्थाओं एवं मेडिकल स्टाफ को भी प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में डॉ. रितेश सोनी (ब्लड बैंक प्रभारी), डॉ. वसुंधरा सिन्हा, डॉ. दीपक गुप्ता, डॉ. संतोष चौधरी, रेडक्रॉस से शैलेन्द्र पाण्डेय, अमर उजाला फाउंडेशन तथा एनसीसी सहित विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि शामिल रहे। साथ ही मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुजीत यादव ने सभी अतिथियों, रक्तदाताओं एवं सहयोगी संस्थाओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर पूर्व मंत्री उपेन्द्र तिवारी, पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी ओम नारायण राय सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी, स्वयंसेवी संगठनों के पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# सिलेंडर डिलीवरी करने वाले के संग मारपीट


मारपीट के बाद एकत्रित हुए ग्रामीणों का दृश्य

**आजमगढ़।** जिले के अतरौलिया थाना क्षेत्र में गैस सिलेंडर की डिलीवरी कर रहे एक कर्मचारी पर दो युवकों द्वारा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि जब डिलीवरी मैन ने जबरन सिलेंडर ले जाने का विरोध किया तो युवकों ने ईंट-पत्थर से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र के बसहिया स्थित ग्रामीण महिला भारत गैस एजेंसी का डिलीवरी मैन प्रदीप कुमार विश्वकर्मा निवासी भरसानी शुक्रवार शाम करीब छह बजे जहांगीरगंज रोड स्थित शांतिनगर (मीरपुर) चौराहे पर उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर वितरित कर रहा था।

इसी दौरान चनैता गांव निवासी आलोक और प्रिंस गैस एजेंसी की गाड़ी पर पीछे से चढ़ गए और कथित रूप से जबरन सिलेंडर उतारने लगे। डिलीवरी मैन प्रदीप ने जब उन्हें रोकने का प्रयास किया तो दोनों युवक सिलेंडर ले जाने की जिद पर अड़ गए। विरोध करने पर कहासुनी शुरू हो गई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। आरोप है कि दोनों युवकों ने ईंट-पत्थर से प्रदीप के सिर पर हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर लहूलुहान हो गया।

पीड़ित ने बताया कि घटना के समय वह वाहन के अंदर बैठकर गैस पासबुक में प्रविष्टि कर रहा था। तभी पीछे से सिलेंडर उतारने की आवाज सुनकर बाहर निकला तो दोनों युवक उससे उलझ गए और हमला कर दिया। वहीं घटना के बाद शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। सूचना पर डायल-112 पुलिस भी पहुंची, लेकिन तब तक आरोपी फरार हो चुके थे। गैस एजेंसी संचालक बृजेश कुमार सिंह उर्फ गुन्नू सिंह भी मौके पर पहुंचे और घायल कर्मचारी को उपचार के लिए अस्पताल भेजवाया। वहीं इस घटना के संबंध में पीड़ित प्रदीप विश्वकर्मा ने अतरौलिया थाने में लिखित तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# फर्जी मदरसा बनाकर सरकारी धन हड़पने वाला गिरफ्तार

**आजमगढ़।** फर्जी मदरसा संचालित कर सरकारी अनुदान की धनराशि के दुरुपयोग के मामले में बरदह पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने मामले में वांछित आरोपी मोहम्मद मजीद को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, राज्य विशेष अपराध अनुसंधान शाखा (ईओडब्ल्यू) मुख्यालय लखनऊ के निरीक्षक एवं जांच अधिकारी कुँवर ब्रह्म प्रकाश सिंह की तहरीर पर थाना बरदह में 14 फरवरी 2025 को मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोप था कि कोदहरा पोस्ट बरौना स्थित अस्तित्वहीन मदरसा बिस्मिल्लाह मेमोरियल (मदरसा आईडी-0191100571) के नाम पर फर्जी दस्तावेज तैयार कर सरकारी अनुदान प्राप्त किया गया और शासकीय धनराशि का गबन किया गया। मामले में धोखाधड़ी, अमानत में खयानत, कूटरचना एवं फर्जी दस्तावेजों के इस्तेमाल से संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। रविवार को बरदह थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मुकदमे में नामजद आरोपी मोहम्मद मजीद पुत्र बिस्मिल्ला निवासी ग्राम कोदहरा, थाना बरदह को कोदहरा मोड़ से सुबह करीब 8.55 बजे गिरफ्तार कर लिया।

# गमछे से लटका मिला युवक का शव



**आजमगढ़।** बरदह थाना क्षेत्र के ऊसरगावा गांव में रविवार अलसुबह एक युवक का शव घर के बरामदे में संदिग्ध परिस्थितियों में गमछे के सहारे लटका मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

गांव निवासी 35 वर्षीय मो. तबरेज शेख पुत्र महमूद अहमद का शव घर के बरामदे में टीन शेड के नीचे लगी लोहे की रॉड से गमछे के सहारे लटका मिला। मृतक की पत्नी निगार फातमा बानो ने बताया कि शनिवार रात दोनों पति-पत्नी बातचीत करने के बाद सोने चले गए थे। बिजली न होने के कारण तबरेज ने बाहर चारपाई पर सोने की बात कही थी। रविवार सुबह करीब पांच बजे जब उन्होंने कमरे का दरवाजा खोला तो पति का शव लटका देख घबरा गईं और शोर मचाया। इसके बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे।

पत्नी के अनुसार तबरेज करीब एक माह पहले मुंबई से घर आए थे और रविवार को ही वापस मुंबई जाने वाले थे। दोनों की शादी लगभग एक वर्ष पूर्व हुई थी। परिवार के अन्य सदस्य मुंबई में निजी कार्य करते हैं, जबकि घर आबादी से कुछ दूर एकांत स्थान पर स्थित है।

घटना की जानकारी मिलते ही डायल-112 और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। ग्रामीणों ने घटना को संदिग्ध बताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है। वहीं ग्रामीणों के अनुसार निगार फातमा बानो मृतक की तीसरी पत्नी हैं। बताया जाता है कि उनकी पहली पत्नी की मृत्यु फांसी लगाने से हुई थी, जबकि दूसरी पत्नी की मौत प्रसव के दौरान हो गई थी।

## पत्रकार वार्ता में बोले प्रभारी मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु

# सबका साथ, सबका विकास के मंत्र पर आगे बढ़ रही सरकार




**बलिया।** प्रदेश सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जिले के प्रभारी मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु ने विकास भवन सभागार में पत्रकारों के साथ प्रेसवार्ता कर सरकार की उपलब्धियों और जनपद में संचालित विभिन्न विकास योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में केंद्र में सरकार बनने के बाद देश की अर्थव्यवस्था में लगातार सुधार हुआ है और भारत आज विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभर रहा है। सरकार ने वर्ष 2027 तक के लिए स्पष्ट विकास लक्ष्य निर्धारित किए हैं और सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र पर कार्य कर रही है।

प्रभारी मंत्री ने कहा कि सुरहाताल (जयप्रकाश नारायण पक्षी विहार) का देश के 100वें रामसर स्थल के रूप में घोषित होना बलिया के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि है। इससे जिले की जैव विविधता, प्राकृतिक धरोहर और पर्यावरणीय महत्व को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिलेगी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री ने विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून 2026 को इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे भारत की आर्द्रभूमि संरक्षण प्रतिबद्धता का प्रतीक बताया है। उन्होंने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की उपलब्धियां बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत जिले के 5.08 लाख से अधिक किसानों को 1524.72 करोड़ रुपये की सहायता प्रदान की गई है। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत 74,992 तथा प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत 21,082 लाभार्थियों को आवास उपलब्ध कराया गया है। पीएम स्वनिधि योजना के तहत 9,610 लाभार्थियों को 14.41 करोड़ रुपये का ऋण दिया गया है, जबकि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत 1,697 उपभोक्ताओं द्वारा 5.50 मेगावाट क्षमता के रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत 5.05 लाख से अधिक शौचालयों का निर्माण कराया गया है, जबकि नगरीय क्षेत्र में 14,491 व्यक्तिगत शौचालय बनाए गए हैं। मनरेगा योजना के तहत 1302.98 करोड़ रुपये व्यय कर लाखों मानव दिवस सृजित किए गए तथा बड़ी संख्या में परिवारों को रोजगार उपलब्ध कराया गया है। जिले में चयनित 393 अमृत सरोवरों में से 337 का निर्माण पूरा हो चुका है।

स्वास्थ्य क्षेत्र की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए मंत्री ने बताया कि आयुष्मान भारत योजना के तहत 10.60 लाख से अधिक आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं और 130,251 लाभार्थियों को 249.35 करोड़ रुपये का क्लेम भुगतान किया गया है। वहीं प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत 2.24 लाख से अधिक परिवारों को मुफ्त गैस कनेक्शन उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने बताया कि विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के अंतर्गत लाखों लोगों को लाभ मिला है। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना तथा जनधन योजना के माध्यम से बड़ी संख्या में लोगों को आर्थिक सुरक्षा और बैंकिंग सुविधाओं से जोड़ा गया है।

मंत्री ने कहा कि वृद्धावस्था पेंशन, निराश्रित महिला पेंशन, दिव्यांग पेंशन, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना तथा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के माध्यम से पात्र लाभार्थियों को करोड़ों रुपये की सहायता प्रदान की गई है। इसके अलावा प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना, पीएम कुसुम योजना तथा प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत भी लाभार्थियों को सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार गरीब, किसान, महिला, युवा और समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है तथा जनपद में विकास कार्यों को और अधिक गति दी जाएगी। इस प्रेसवार्ता में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह, जिलाध्यक्ष संजय मिश्रा, पूर्व विधायक उपेंद्र तिवारी, पूर्व जिलाध्यक्ष जय प्रकाश शाहू एवं सूचना विभाग के समस्त कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# नृत्य एवं सांस्कृतिक उत्सव का भव्य आयोजन

**गाजीपुर।** भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के सौजन्य से स्वयंसेवी संस्था गीता ग्रामोद्योग विकास संस्थान (सहकारी कॉलोनी आमघाट, गाजीपुर) द्वारा लंका मैदान स्थित मैरिज हॉल में एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में अवधी लोक गीत, लोक नृत्य एवं सांस्कृतिक उत्सव की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गईं, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अमेरिका के मिशिगन से पधारे गीता गुरुकुल फाउंडेशन के संस्थापक योगी आनंद जी महाराज ने की। मुख्य अतिथि के रूप में अपर जिलाधिकारी (गाजीपुर) श्री वेद सिंह चौहान उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (गाजीपुर) के सचिव डॉ. ज्योति शंकर राय एवं लोकतंत्र सेनानी संघ (गाजीपुर) के अध्यक्ष श्री विजय शंकर चतुर्वेदी ने गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई।

# जिले की हर मांग पूरी कर रही सरकार : निरहुआ

**आजमगढ़।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ आजमगढ़ पहुंचे पूर्व सांसद एवं भोजपुरी अभिनेता दिनेश लाल यादव 'निरहुआ' ने जिले के विकास को लेकर बड़ा बयान दिया।

उन्होंने कहा कि भाजपा का सांसद या विधायक न होने के बावजूद डबल इंजन सरकार ने आजमगढ़ के विकास कार्यों में कोई कमी नहीं छोड़ी है और जिले की हर प्रमुख मांग को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जा रहा है। महाराजा सुहेलदेव राज्य विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मीडिया से बातचीत में निरहुआ ने कहा कि वर्षों पुरानी विश्वविद्यालय की मांग को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूरा किया। आज उसी विश्वविद्यालय के परिसर में बड़े सरकारी कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं, जो जिले के विकास की नई पहचान बन चुका है। आगे उन्होंने कहा कि हरिऔध कला केंद्र के जीर्णोद्धार पर करोड़ों रुपये खर्च किए गए हैं। वहीं हरिहरपुर में संगीत विद्यालय का निर्माण कराया गया है और अटल आवासीय विद्यालय भी तेजी से तैयार हो रहा है। निरहुआ ने कहा कि जनता की ओर से उठाई गई हर मांग को सरकार गंभीरता से लेकर उसे धरातल पर उतारने का कार्य कर रही है। पूर्व सांसद ने बताया कि शहर की पुरानी जेल की जमीन पर कन्वेंशन सेंटर, आधुनिक पार्किंग और छोटे व्यापारियों के लिए व्यवस्थित बाजार विकसित करने की मांग लंबे समय से की जा रही थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंच से इस महत्वपूर्ण परियोजना की घोषणा भी कर दी है। निरहुआ ने कहा कि यह परियोजना आजमगढ़ के विकास में मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि इसके शीघ्र क्रियान्वयन के लिए वह लगातार प्रयास करते रहेंगे। उनके अनुसार, प्रदेश सरकार का लक्ष्य आजमगढ़ को पूर्वांचल के प्रमुख विकास केंद्रों में शामिल करना है और इसी दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्ष पर साधा निशाना



**आजममगढ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को महाराजा सुहेलदेव विश्वविद्यालय परिसर पहुंचे और जनसभा को संबोधित किये,

हेलीकॉप्टर विश्वविद्यालय कैंपस में उतरा, जहां जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने स्वागत किया।मुख्यमंत्री ने विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा लगाई गई विकास प्रदर्शनी का अवलोकन किया।जनसभा स्थल पर हजारो हजार लोगों की मौजूदगी रही, जबकि 12.24 बजे सीएम मंच पर पहुंचे और हाथ हिलाकर जनता का अभिवादन किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने बटन दबाकर 39 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया।

पंचायती राज मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने सपा पर निशाना साधते हुए कहा कि उसने आजमगढ़ को आतंकगढ़ बना दिया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 से पहले आजमगढ़ अपनी पहचान के लिए मोहताज था, लेकिन भाजपा सरकार ने विकास को नई गति दी। उन्होंने मुबारकपुर की साड़ी, हरिहरपुर के संगीत, आजमगढ़ हवाई अड्डा, पूर्वांचल एक्सप्रेसवे और ब्लैक पॉटरी का उल्लेख किया।योगी ने महाराजा सुहेलदेव, पृथ्वीराज चौहान, वीर कुंवर सिंह और अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध' की वीरता व योगदान को याद किया।उन्होंने कहा कि विदेशी आक्रांताओं का महिमामंडन उत्तर प्रदेश में नहीं होने दिया जाएगा।मुख्यमंत्री ने कहा कि मोदी सरकार के नेतृत्व में देश बदला है और अयोध्या में 500 वर्षों बाद राम मंदिर का निर्माण संभव हुआ।उन्होंने दावा किया कि भाजपा सरकार ने गरीबों, किसानों, महिलाओं और युवाओं के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं लागू की हैं। योगी ने कहा कि उनकी सरकार में गुंडों और माफियाओं के लिए कोई जगह नहीं है तथा कानून-व्यवस्था मजबूत हुई है।मुख्यमंत्री ने विपक्षी दलों पर विकास में बाधा डालने और तुष्टिकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार बिना भेदभाव के सुरक्षा और विकास दोनों सुनिश्चित कर रही है।योगी ने कहा कि पूर्व की सरकारों में गरीबों को राशन, युवाओं को रोजगार और बेटियों को सुरक्षा व सम्मान नहीं मिल पाता था। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार बेटी के जन्म से लेकर विवाह तक सहायता और सम्मान देने का काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने गोरखपुर, वाराणसी और लखनऊ को बेहतर संपर्क मार्गों से जोड़ने की उपलब्धियों का भी उल्लेख किया,उन्होंने कहा कि आजमगढ़ के विकास को भाजपा सरकार ने नई दिशा और गति देने का कार्य किया है।

# जांच में निराधार मिली शिकायत

**गाजीपुर।** विकासखंड सैदपुर की ग्राम पंचायत ईशोपुउर में आयोजित ग्राम चौपाल कार्यक्रम के दौरान माननीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रविन्द्र जायसवाल के समक्ष आंगनबाड़ी सहायिका भर्ती प्रक्रिया से संबंधित एक शिकायत प्रस्तुत की गई। शिकायतकर्ता श्रीमती अनुराधा पत्नी श्री राजकुमार द्वारा आरोप लगाया गया कि जिन आंगनबाड़ी केंद्रों पर उन्होंने आवेदन किया था, वहां चयन प्रक्रिया में अनियमितता बरती गई है तथा उनका चयन किया जाना चाहिए था। प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अभिलेखों एवं मेरिट सूची का तत्काल परीक्षण कराया गया। जांच में पाया गया कि शिकायतकर्ता द्वारा बाल विकास परियोजना सैदपुर के अलायचक एवं जगदीशपुर आंगनबाड़ी केंद्रों पर आवेदन किया गया था। अलायचक केंद्र पर शिकायतकर्ता श्रीमती अनुराधा का मेरिट के आधार पर वरीयता क्रम में चतुर्थ स्थान था। उक्त केंद्र पर प्रथम वरीयता प्राप्त अभ्यर्थी के हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में प्राप्त अंकों का प्रतिशत शिकायतकर्ता से अधिक था।

# पूर्वांचल फुटबॉल क्लब ने गाजीपुर इलेवन को 3-1 से दी शिकस्त

## रोमांचक रहा मुकाबला, दर्शकों की रही भीड़



**तरूणमित्र न्यूज**

**भांवरकोल ( गाजीपुर )।** क्षेत्र के पखनपुरा गांव में मरहूम अब्दुल वाजिद स्मृति राज्य स्तरीय रात्रि फुटबॉल प्रतियोगिता में गाजीपुर इलेवन वर्सेस पूर्वांचल फुटबॉल क्लब के दरमियान खेला गया । मैच के शुरू होते ही दूसरे मिनट में ही पूर्वांचल के खिलाड़ी दानिश का एक जोरदार गोल पोस्ट में गोल मारकर मुकाबला को 1-0 कर दिया उसके बाद दोनों ही टीमों के खिलाड़ी अपने पक्ष में गोल करने के लिए बाल पर जूझते रहे।

गाजीपुर इलेवन के खिलाड़ी अमजद खान चौथे वह पांचवें मिनट में गोल करने के लिए शर्ट किया लेकिन पूर्वांचल के कीपर यूसुफ ने उतना ही अच्छा बचाव अपनी टीम के लिए किया। 20 मिनट में एक बार फिर पूर्वांचल फुटबॉल क्लब के खिलाड़ी दानिश ने एक और गोल कर के मुकाबले को 2 -0 पर कर दिया। खेल के 29 मिनट में गाजीपुर की टीम के खिलाड़ी संदीप के द्वारा द्वारा हैंडबॉल पेनाल्टी रेफरी के द्वारा चार्ज किया गया। पूर्वांचल के दो नंबर के खिलाड़ी इरफान ने पेनाल्टी किक को बाहर मार दिया अभी भी पहले हाफ में मुकाबला 2/0 का रहा।दूसरे हाफ के 10 वें मिनट में अरबाज खान गाजीपुर के खिलाड़ी का एक शानदार गोलकर मुकाबले को 2 -1 कर दिया जिससे मुकाबला और रोचक बन गया। इसी बीच पूर्वांचल क्लब के दानिश ने एक शानदार गोल कर 3 -1 पे मुकाबले को एकतरफा बना दिया ।मैदान पर उपस्थित साक्षी ट्रेडर्स के ओनर और पूर्वांचल फुटबॉल क्लब के प्रबंधक अजय राय ने अपने टीम को जीत मिलने पर अपने खिलाड़ियों को बधाई दी इस मैच के रेफरी रशीद अहमद लाइंस मैंन अयान वाजिद और आकिब सिद्दीकी रहे । इस मैच के मुख्य रूप से सिंन्टू राय, अजय राय ,हाजी नसीम अख्तर मिर्जा, नासिर बेग, हफीजुल्लाह सिद्दीकी, सोनू अब्दुल्ला खान कारी नूर मोहम्मद अयाज वाजिद, मौलाना कमालुद्दीन अब्दुल बारी माजिद इमरान अहमद तौसीफ और तुफैल अहमद आदि उपस्थित रहे।


माइण्ड केयर सेन्टर
MIND CARE & E.E.G. CLINIC माइण्ड केयर
डॉ0 दिनेश पाण्डेय
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (साइकियाट्री) बी.एच.यू.
(वरिष्ठ मानसिक रोग विशेषज्ञ एवं न्यूरोफिजिशियन)
सम्पर्क सूत्र:- 9415203047, 9506699099
जौनपुर
मिर्जापुर रोड, निकट-सिटी स्टेशन रेलवे क्रासिंग, पुल के नीचे
दिन- बुधवार, शुक्रवार एवं रविवार
(समय-10 बजे से 5 बजे तक) मो0- 8934932805
लालगंज
स्टेट बैंक के सामने, बाईपास रोड, लालगंज, आजमगढ़
(दिन-प्रत्येक वृहस्पतिवार (समय-11 बजे से 4 बजे तक) मो0- 9415203047
वाराणसी
D33, शिवाजी नगर कालोनी महमूरगंज (आकाशवाणी के पीछे)
सोम-मंगल : सुबह 10 से 2
सुबह/शाम (प्रतिदिन) 6 बजे से 8 बजे तक
मो0-9415217568, 9415203047
भदोही
भदोही ब्लाक के सामने रेवड़ा फाटक रेलवे क्रासिंग के पास, भदोही
दिन- प्रत्येक शनिवार
समय 10 बजे से 4 बजे तक
मो0-9621979101, 9415203047

निःसन्तान दम्पत्ति निराश न होवें
बाँझपन के सर्वोत्तम इलाज के लिए
शकुन्तला आईवीएफ सेन्टर

सेवा का अवसर दें
निवेदक
डा0 रामअवध यादव
डा0 शकुन्तला यादव
डा0 आनन्द वर्द्धन
डा0 अन्शु कुमारी

पचहटिया, आजमगढ़ रोड, जौनपुर
Mob.: 8931931199, 9918905642

